


सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25




वर्ष- 15 अंक - 146 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शनिवार 9 मार्च 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास-खबर




### छत्तीसगढ़ की पात्र महिलाओं को कल मिलेगी महतारी वंदन योजना की पहली किस्त

**रायपुर।** आखिरकार छत्तीसगढ़ की महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना की राशि की पहली किस्त मिलने की तारीख का अंतिम ऐलान कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश में मोदी की गारंटी के तहत महतारी वंदन योजना की पहली किस्त की राशि 1000 रुपए देने की तिथि तय कर दी है। सरकार ने 10 मार्च को राशि देना का फैसला कर लिया है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छत्तीसगढ़ की 70 लाख महिलाओं के खाते में बटन दबाकर पैसा डालेंगे।

महतारी वंदन योजना को लेकर प्रदेश की पात्र महिलाओं को पहली किस्त की राशि देने की तारीख 8 मार्च तय की गई थी। माना जा रहा था कि इस दिन पीएम मोदी के दौरे के दौरान प्रदेश की महिलाओं को योजना की राशि उनके खातों में दी जाएगी। उसके बाद सरकार ने तारीख बदलते हुए उसे 7 मार्च कर दी। इस दिन माना जा रहा था कि पीएम मोदी वर्चुअल रूप से जुड़कर प्रदेश की महिलाओं को संबोधित करते हुए उनके खातों में पैसे डालेंगे। लेकिन राज्य सरकार ने दिनांक परिवर्तित करते हुए अब 10 मार्च को महिलाओं के खाते में योजना की राशि की पहली किस्त भेजने का निर्णय किया है। जिसे लेकर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के कार्यालय के सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए इस बात की जानकारी दी गई है।

10 मार्च छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश की महिलाओं को संबोधित करेंगे। इस दिन महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को मिलने वाली 12000 रुपए सालाना राशि की पहली किस्त 1000 रुपए प्रदेश की महिलाओं के खाते में सीधे भेजी जाएगी। रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश की महिलाओं से वर्चुअल चर्चा भी करेंगे।

# विधानसभा चुनाव हारे नेताओं को कांग्रेस ने बनाया प्रत्याशी, एक फ्रेश चेहरा भी

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**रायपुर।** कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में शुक्रवार को अपने आधे पत्ते खोलते हुए 11 में से 6 लोकसभा प्रत्याशियों का ऐलान किया है। इनमें 3 ऐसे नेता भी हैं, जिन्हें हालिया सम्पन्न विधानसभा चुनाव में जनता ने नकार दिया था। इनमें पूर्ववर्ती सरकार में शामिल रहे दो मंत्री भी है। मजे की बात है कि ये दोनों पूर्व मंत्री पहले भी लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी रह चुके हैं। 6 प्रत्याशियों की घोषणा में कांग्रेस ने काफी हद तक जातीय और सामाजिक समीकरणों का ध्यान रखा है। भूपेश बघेल, ताम्रध्वज साहू और शिवकुमार डहरिया के साथ ही राजेन्द्र साहू की उम्मीदवारी इसी आधार पर तय हुई है। राजेन्द्र साहू कांग्रेस के लिए एकदम फ्रेश कैंडिडेट हैं। दरअसल, कांग्रेस वाकओवर नहीं देना चाह रही है, इसलिए उसने दमदार चेहरों को तवज्जो दी है। हालांकि ये चेहरे विधानसभा चुनाव क्यों हारे, इसे अनदेखा कर दिया गया है। शायद यही वजह है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस को डूबती हुई नैय्या बताते हुए सभी 11 सीटों पर जीत का दावा किया है।



**सीएम साय का दावा, कहा- कांग्रेस डूबती नैय्या, सभी 11 सीटों पर दर्ज करेंगे जीत**

लोकसभा चुनाव के लिए जब छत्तीसगढ़ में प्रत्याशी चयन की कवायद प्रारम्भ हुई थी तब पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम का प्रस्ताव भी रखा गया, लेकिन तब बघेल ने साफ तौर पर कह दिया था कि वे लोकसभा चुनाव लड़ने की बजाए घूम-घूमकर प्रचार करना पसंद करेंगे। हालांकि वरिष्ठ नेताओं की समझाइश के बाद उन्होंने चुनाव लड़ना स्वीकार कर लिया। लेकिन उनकी ही सरकार में गृहमंत्री रहे ताम्रध्वज साहू को महासमुंद भेजना बहुत सारे लोगों को रास नहीं आया है। महासमुंद क्षेत्र, दरअसल, साहू बाहुल्य इलाका है और साहू समाज में ताम्रध्वज की जबरदस्त पकड़ है। यही कारण है कि विधानसभा चुनाव हारने के बाद भी उन्हें महासमुंद का टिकट थमा दिया गया है। वैसे भी कहा जा रहा है कि जिस दुर्ग क्षेत्र से वे आते हैं, वहां उनके लिए संभावना कम थी। कांग्रेस की सरकार में नगरीय प्रशासन मंत्री रहे शिवकुमार डहरिया को जांजगीर सीट से टिकट दी गई है। विधानसभा चुनाव में वे भी बुरी तरह पराजित हुए थे। ताम्रध्वज साहू ने जहां 2014 की प्रचंड मोदी लहर के बावजूद दुर्ग संसदीय सीट से चुनाव लड़कर जीत हासिल की थी, वहीं शिवकुमार डहरिया भी लोकसभा का चुनाव लड़े, हालांकि उन्हें पराजय मिली थी। रायपुर लोकसभा से प्रत्याशी बनाए गए विकास उपाध्याय हालिया विधानसभा चुनाव राजेश मूणत से हार गए थे।

कोरबा क्षेत्र में कांग्रेस ने अपनी सांसद ज्योत्सना महंत पर एक बार फिर भरोसा जताया है। इस क्षेत्र को महंत परिवार का गढ़ माना जाता है, लेकिन कहा जा रहा है कि इस बार इस संसदीय क्षेत्र के हालात भी बदले हुए हैं। भाजपा ने यहां से दिग्गज भाजपा नेत्री सरोज पाण्डेय को उतारा है। वहीं राजनांदगांव सीट से प्रत्याशी बनाए गए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की बात करें तो यह संसदीय क्षेत्र पिछड़ा वर्ग बाहुल्य है। कांग्रेस ने यहां से भूपेश बघेल को उतारकर बड़ा जातीय कार्ड खेला है। भाजपा ने यहां से सामान्य वर्ग के संतोष पाण्डे पर एक बार फिर भरोसा जताया है। यहां इस बार रोमांचक मुकाबले के आसार हैं। कांग्रेस ने 11 में से 6 प्रत्याशियों का ऐलान कर मुकाबले को रोमांचक बना दिया है।

### इसलिए नांदगांव से उतरे भूपेश

कांग्रेस की लिस्ट में पहला और बड़ा नाम पूर्व सीएम भूपेश बघेल का है। वे दुर्ग के पाटन से विधायक हैं, लेकिन उन्हें राजनांदगांव लोकसभा सीट से चुनाव लड़ाया जा रहा है। ये सीट छत्तीसगढ़ की हॉट सीट में से एक है। इस लोकसभा सीट में ओबीसी वर्ग के वोटर्स की संख्या ज्यादा है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ओबीसी वर्ग से ही आते हैं। इनके सामने भाजपा से सांसद संतोष पांडेय हैं। भाजपा ने जिन दो सांसदों को दोबारा टिकट दी है, उनमें से एक संतोष पांडेय हैं, लेकिन इनके सामने अब पूर्व सीएम को मैदान में उतारकर कांग्रेस ने इनके लिए मुश्किल खड़ी कर दी है। इस सीट के लिए अब सबसे बड़ी दिलचस्प बात ये है कि यह क्षेत्र पूर्व सीएम और विधानसभा के अध्यक्ष डॉ रमन सिंह का क्षेत्र है। सूत्र बताते हैं कि पूर्व सीएम ने इस सीट के लिए अपने बेटे अभिषेक के लिए टिकट मांगा था।

### बृजमोहन के सामने विकास लड़ेंगे

रायपुर लोकसभा सीट में नजारा देखने लायक है। भाजपा ने यहां से रिकार्ड मतों से विधानसभा चुनाव जीतने वाले बृजमोहन अग्रवाल को प्रत्याशी बनाया तो वहीं कांग्रेस ने चुनाव हार चुके विकास उपाध्याय को मौका दिया है। विकास इस बार विधानसभा चुनाव में राजेश मूणत से हार गए थे। बता दें कि लोकसभा चुनाव 2019 को छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार थी। 90 में से 71 सीटें कांग्रेस के पास थीं। एक तरफा सीटों के बाद भी लोकसभा चुनाव में महज 2 सीटों पर ही कांग्रेस ने जीत हासिल की थी। अब छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार है। दोनों ही पार्टियों के प्रत्याशियों की घोषणा होने और बड़े नेताओं की सीधी टक्कर ने चुनाव में दिलचस्पी और भी ज्यादा बढ़ा दी है। इसी बीच सीएम विष्णुदेव साय का बड़ा बयान सामने आया है। सीएम साय ने कहा कि भाजपा पूरी की पूरी 11 सीटें जीतेगी। कांग्रेस कुछ भी कर ले- भारत जोड़ो यात्रा कर ले, चाहे न्याय यात्रा कर ले, चाहे जातिगत राजनीति कर ले। लेकिन कांग्रेस डूबती नैया है। नैया में छेद हो चुका है। पार्टी बिखर रही है और इस बार एक भी सीट जीतने वाला नहीं है।

लोकसभा चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ की 11 सीटों के लिए भाजपा ने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी थी। अब कांग्रेस ने भी अपनी पहली सूची में बड़े चेहरों पर दांव लगाकर चुनावी मुकाबले को रोचक बना दिया है। इस बार कांग्रेस ने भाजपा को सीधी टक्कर देने के लिए पूर्व सीएम भूपेश बघेल सहित हारे हुए दो पूर्व मंत्रियों को भी मैदान में उतारकर बड़ा भरोसा जताया है, लेकिन इस बार इनकी सीट को बदलकर जातिवाद का बड़ा कार्ड खेला है।

### डहरिया को मिला दोबारा मौका

कांग्रेस ने डॉ. शिव कुमार डहरिया को दूसरी बार प्रत्याशी बनाकर लोकसभा चुनाव लड़ने का मौका दिया है। कांग्रेस सरकार में डहरिया नगरीय प्रशासन मंत्री थे। इस बार वे आरंग से भाजपा के खुशवंत साहेब से चुनाव हार गए हैं। इसके बाद भी पार्टी ने उन पर भरोसा जताते हुए जांजगीर से मौका दिया है। इनके लिए थोड़ी राहत की बात ये है कि इस लोकसभा सीट की आठों विधानसभा सीटें इस समय कांग्रेस के पास हैं। पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू को पार्टी ने महासमुंद सीट पर मैदान में उतारा है। ताम्रध्वज साहू दुर्ग से सांसद रह चुके हैं, लेकिन इस बार यहां विधानसभा चुनाव हार गए थे। उन्हें पार्टी ने दोबारा सांसद का टिकट दिया है, लेकिन सीट दुर्ग से बदलकर महासमुंद कर दी गई है। यहां इनके सामने भाजपा से रूपकुमारी चौधरी हैं। ये इलाका साहू बाहुल्य है। सामाजिक वोट बंटोरकर सीट हासिल करने ये सीट भी काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

### कोरबा बन गई हॉट सीट

कोरबा लोकसभा सीट भी अब हॉट सीट बन गई है। यहां भाजपा से सरोज पांडेय चुनावी मैदान में हैं। इनके सामने मौजूदा सांसद कांग्रेस की ज्योत्सना महंत चुनाव लड़ेंगी। ज्योत्सना छत्तीसगढ़ के नेता प्रतिपक्ष और कद्दावर नेता चरणदास महंत की पत्नी हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की जिन दो सीटों पर कांग्रेस ने जीत हासिल की थी, उनमें से ये सीट भी थी। इस सीट पर दोनों ही पार्टियों ने बड़े चेहरों को उतारा है। अब ये दोनों महिला प्रत्याशी एक-दूसरे को कड़ी टक्कर देंगी। हालांकि चुनाव से पहले ही भाजपा ने राजनीतिक बढ़त बनाने के लिहाज से बयानबाजी शुरू कर दी है। कहा जा रहा है कि ज्योत्सना महंत ने अपने 5 साल के कार्यकाल में एक बार भी संसद में अपनी बात नहीं रखी। आरोप लगाए गए हैं कि ज्योत्सना महंत को जनता ने अपनी बात रखने के लिए संसद में भेजा था, लेकिन वे सदन में जनता की आवाज बनने में नाकाम रही।

# छत्तीसगढ़ को एक और वंदे भारत की सौगात, 12 से शुरू होगी दुर्ग-विशाखापट्टनम के बीच नई ट्रेन

- **रनिंग स्टाफ को मिला आपात ट्रेनिंग के लिए तैयार रहने के निर्देश, पश्चिम ओडिशा के रास्ते दक्षिण भारत से जुड़ेगी छत्तीसगढ़**

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई ।** हाई स्पीड ट्रेनों के परिचालन की श्रृंखला में छत्तीसगढ़ राज्य को एक और वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात मिलने जा रही है। दक्षिण पूर्व मध्य जोन बिलासपुर द्वारा रेलवे बोर्ड से मिले संकेत के बाद नई वंदे भारत ट्रेन को पटरी पर लाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। यह वंदे भारत ट्रेन दुर्ग से विशाखापट्टनम के बीच 12 मार्च से शुरू किए जाने की तैयारी है। दुर्ग स्टेशन में पदस्थ रनिंग स्टाफ को आपात ट्रेनिंग के लिए तैयार रहने के निर्देश मिलने से शीघ्र ही छत्तीसगढ़ को एक और वंदे भारत ट्रेन मिलने की संभावना तय माना जा रही हैं। फिलहाल इस ट्रेन की समय सारिणी जारी नहीं किया गया है।

इस नई वंदे भारत ट्रेन के शुरू होने से पश्चिम ओडिशा के रास्ते दक्षिण भारत के महत्वपूर्ण शहर विशाखापट्टनम से छत्तीसगढ़ का रेल संपर्क पहले से आसान हो जाएगा। वर्तमान में बिलासपुर से नागपुर के बीच एक वंदे भारत ट्रेन चल रही है। जिसका परिचालन 11 दिसंबर 2022 को शुरू किया गया है। यह ट्रेन छत्तीसगढ़ को महाराष्ट्र से जोड़ रही है। अब दुर्ग से विशाखापट्टनम के बीच दूसरी वंदे भारत ट्रेन 12 मार्च से शुरू होने जा रही है। यह ट्रेन दुर्ग से रायपुर, महासमुंद, खरियार रोड, कांटाबांजी, टिटिलागड़, मुनिगुड़ा, रायगढ़ा और विजयनगरम के रास्ते विशाखापट्टनम तक सप्ताह में 6 दिन आवाजाही करेगी। इस ट्रेन के स्टापेज को लेकर अभी जानकारी सामने आना बाकी है।

जानकारी के मुताबिक इस नई वंदे भारत ट्रेन का प्रायमरी प्वाइंट दुर्ग स्टेशन रहेगा। दुर्ग से यह ट्रेन सुबह 6.30 को रवाना रवाना होकर दोपहर 02 बजे विशाखापट्टनम पहुंचेगी। वहां से 02.50 बजे रवाना होकर रात 10.40 बजे दुर्ग वापस आएगी। इस ट्रेन को दुर्ग स्टेशन में पदस्थ वंदे भारत प्रशिक्षित सीएलआई, लोको पायलट, सहायक लोको पायलट सहित टीईटी व अन्य रनिंग स्टाफ टिटिलागड़ तक लेकर जाएंगे। वहां से टिटिलागड़ का रनिंग स्टाफ विशाखापट्टनम तक ट्रेन लेकर जाएगा। दुर्ग आने के बाद वंदे भारत ट्रेन के रैक की साफ सफाई और तकनीकी जांच सहित आवश्यक मरम्मत का काम वाशिंग यार्ड पर बनाए गए नए पिट लाइन पर किया जाएगा। इस ट्रेन के रैक की रखरखाव और मरम्मत कार्य में जिन रेलवे कर्मचारियों को जिम्मेदारी दी जानी है, उन्हें अलग से ट्रेनिंग के लिए भेजा जा चुका है।

### ओएचई तार के साथ पिट लाइन तैयार

नई वंदे भारत ट्रेन का प्रायमरी प्वाइंट दुर्ग स्टेशन को बनाया गया है। लिहाजा रैक का मेंटेनेंस और वाशिंग दुर्ग में ही किया जाएगा। इसके लिए दुर्ग स्टेशन के वाशिंग यार्ड पर चौथी पिट लाइन का निर्माण काफी पहले किया जा चुका है। वंदे भारत ट्रेन की तकनीकी जरूरतों के मुताबिक नए बनाए गए पिट लाइन में ओएचई तार भी खींचा गया है। जबकि बाकी के तीन पिट लाइन में ओएचई तार नहीं लगाया गया है और यहां यात्री ट्रेनों के टैक वाशिंग के लिए डीजल लोको से लाया जाता है। वंदे भारत ट्रेन के लोको को रैक से अलग करने में तकनीकी दिक्कत को देखते हुए नए बनाए गए पिट लाइन पर ओएचई तार खींचा गया है।


# छत्तीसगढ़ में शुष्क रहेगा मौसम, बढ़ेगा तापमान, 37 डिग्री से ऊपर पहुंचा पारा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में तेज धूप के साथ ही अब गर्मी बढ़ने लगी है। प्रदेश में लगातार तापमान में उतर चढ़ाव के बीच तापमान 37 डिग्री से ऊपर जा पहुंचा है। आगामी कुछ दिनों में अधिकतम तापमान बढ़ने की संभावना है। वहीं रात का पारा बढ़ने की वजह से ठंड गायब हो गया है। आज शनिवार को प्रदेशभर में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। वहीं सबसे गर्म डोंगरगढ़ रहा। इसके साथ ही सबसे कम न्यूनतम तापमान बलरामपुर में दर्ज किया गया है।

मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में आगामी पांच दिनों में अधिकतम तापमान धीरे-धीरे बढ़ने की संभावना है। इससे प्रदेश में तेज धूप के साथ हही और गर्मी बढ़ेगी। प्रदेश में आज मौसम शुष्क रहने की संभावना है। बीते दिनों प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में अचानक बदलाव हो रहा था। इससे कई इलाकों में बेमौसम बारिश भी हो रही थी।

प्रदेश के तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। वहीं अधिकतम तापमान 37 डिग्री से ऊपर जा चुका है। तेज धूप के साथ ही गर्मी बढ़ने लगी है। गुरुवार को प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान



डोंगरगढ़ में 37.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान कोरिया में 11.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। आज राजधानी रायपुर में अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

# नीट यूजी से भी उचटने लगा रुझान!

श्रीकंचनपथ न्यूज




छत्तीसगढ़ में मेडिकल कालेजों की संख्या भले ही लगातार बढ़ रही हो पर यहां नीट यूजी की परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों की संख्या लगातार घट रही है। पिछले तीन साल के रूझान देखें तो 2021 में जहां 49.14 प्रतिशत बच्चे सफल हुए वहीं 2022 और 2023 में सफलता का यह प्रतिशत क्रमशः 48.73 और 47.60 रहा। वैसे इन तीन वर्षों में नीटी यूजी के लिए पंजीयन कराने वालों की संख्या लगातार बढ़ी है. 2021 में जहां 31027 विद्यार्थियों ने अपना पंजीयन कराया था वहीं इसके बाद के दो वर्षों में पंजीयन कराने वालों की संख्या क्रमशः 35636 और 42130 रही। डेढ़ से दो हजार बच्चे पंजीयन कराने के बाद भी परीक्षा में शामिल नहीं हुए। परीक्षार्थियों में से आधे से भी कम लोगों ने इस परीक्षा को क्वालिफाई किया। इन आंकड़ों से दो बातें सामने आती हैं। कोरोना काल में विद्यार्थियों से लेकर पालक और शिक्षक भी इंटरनेट पर व्यस्त रहे। उन्होंने नए विकल्पों की तलाश की और अब उन वैकल्पिक विषयों की पढ़ाई को लेकर विद्यार्थियों में रुझान बढ़ रहा है। नीट की परीक्षा दिलाने वालों में अच्छी-खासी संख्या ऐसे विद्यार्थियों की भी है जो केवल औपचारिकता के नाते यह परीक्षा दिलाते हैं। हालांकि वे नीट की तैयारी कराने वाले संस्थानों में प्रवेश भी लेते हैं पर जब कोर्स का टकराव शुरू होता है तो वे 12वीं को तरजीह देने लगते हैं। भिलाई की बात करें तो पिछले साल यहां से लगभग दो दर्जन बच्चों ने बीएससी फोरेंसिक साइंस की पढ़ाई करने का निर्णय लिया और प्रदेश से बाहर चले गए। पहले जहां फोरेंसिक का मतलब केवल पोस्टमार्टम करने को समझा जाता था वहीं अब डिजिटल फोरेंसिक्स को लेकर भी लोगों में जागरूकता आई है। मोबाइल और कम्प्यूटरों की मदद से होने वाले अपराध बढ़े हैं तो उसके डिटेक्शन के तरीके भी बदले हैं। यह एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें पैसों के साथ ही जॉब सैटिस्फैक्शन भी अधिक है। इस्पात नगरी में एक समय ऐसा था जब पहली च्वाइस मैथ्स और इंजीनियरिंग थी। सेकण्ड च्वाइस मेडिकल की पढ़ाई थी। फिर एक समय आया जब सीएम और आईसीडब्लूए (अब सीएमए) ने भी इनके बराबर में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली। वक्त बदला और अब लोग अच्छे अंकों से 12वीं, ग्रेजुएशन और फिर एमबीए करने को तरजीह देने लगे हैं। एमबीए का क्रेज ऐसा है कि अब सीए और सीएमए भी नहीं लुभाता। एमबीए की जरूरत आज हर फील्ड में है। बावजूद इसके छत्तीसगढ़ के बी-स्कूल अभी इस कोर्स को लेकर गंभीर नहीं हैं। यही कारण है कि एमबीए करने के लिए लोग प्रदेश से बाहर जा रहे हैं। कोरोना काल में सभी विश्वविद्यालयों ने ऑनलाइन कोर्स शुरू कर दिये। इनकी फीस भी कम है और इंटर्नशिप प्रॉस्पेक्ट्स भी अच्छे हैं। इनके कैम्पस का रिकार्ड भी अच्छा है। यूपीएससी को लेकर शहर कभी गंभीर नहीं रहा। पीएससी का जो हाल है, बच्चे इससे भी कटने लगे हैं।



## संपादकीय

### भारतीयों के साथ धोखा

भारतीयों का किसी विदेशी जंग में मारा जाना जितना दुखद है, उससे कहीं ज्यादा शर्मनाक है। दुखद इसलिए कि भारतीयों को युद्ध लड़ने के लिए मजबूर किया गया और शर्मनाक इसलिए कि हम भारत से अपने युवाओं के पलायन या विदेश यात्रा की निगरानी ठीक से नहीं कर पा रहे हैं। बहरहाल, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने देर से ही सही, कदम उठाया है और आकर्षक नौकरियों के बहाने भारतीय युवाओं को रूस-यूक्रेन युद्ध क्षेत्र में भेजने की साजिश में शामिल एक प्रमुख मानव तस्कर नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। सीबीआई ने दिल्ली, तिरुवनंतपुरम, मुंबई, अंबाला, चंडीगढ़, मदुरै और चेन्नई में अनेक ठिकानों पर तलाशी ली है। दरअसल, ऐसे लोगों पर शिकंजा कसना आज समय की बड़ी मांग है। अनेक वीजा सलाहकार कंपनियों और एजेंटों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं, तो इन सभी के बारे में लोगों को सब कुछ पता होना चाहिए, ताकि वे सतर्कता बरतें। काश! इन धोखेबाज कंपनियों पर पहले ही शिकंजा कसा जाता, तो आज अनेक युवा असुरक्षा का शिकार होने से बच जाते। सीबीआई की सक्रियता तब सामने आई है, जब विदेशी जंग के मोर्चे पर भारतीयों के मारे जाने की खबर आने लगी है। हैदराबाद के 30 वर्षीय मोहम्मद अफसान के यूक्रेन के साथ चल रहे युद्ध में मारे जाने के बाद खासतौर पर जागरूकता बढ़ी है। अफसान को धोखे से रूसी सेना में शामिल किया गया था। एक सप्ताह पहले सूरत के हामिल मंगुकिया की भी मौत विदेशी मोर्चे पर हुई है। सबसे दुखद बात है कि रूस ने मौत की पुष्टि की है, लेकिन युवक को विदेश भेजने वाला एजेंट अभी भी लोगों को बरगलाने में जुटा है। ऐसे एजेंटों पर प्रशासन अगर पूरी सख्ती से शिकंजा कसे, तो ही लोगों के बीच सही संदेश जाएगा। अफसान और हामिल जैसे युवा सैकड़ों में हो सकते हैं। विगत समय में कई नौजवानों को रूस में मोटी तनख्वाह के साथ रोजगार का झूठा आश्वासन दिया गया है और बताया गया है कि उनके जीवन को कोई खतरा नहीं है। एजेंटों ने इन युवाओं से लाखों रुपये लेकर रूस भेजा है। कथित रूप से वहां इन युवाओं को दो विकल्प दिए गए हैं या तो दस साल की जेल स्वीकार करें या फिर सेना में शामिल हो जाएं। जाहिर है, ज्यादातर युवाओं ने कैद के बजाय सैन्य सेवा को चुना है। एक रिपोर्ट के अनुसार, पंजाब और हरियाणा के रहने वाले सात युवाओं के एक समूह ने भारतीय अधिकारियों से सहायता के लिए गुहार लगाई है। इन नौजवानों का भी आरोप है कि उन्हें रूसी सैन्य सेवा में शामिल करके धोखा दिया गया है। जहां तक भारत सरकार या विदेश मंत्रालय का संबंध है। पिछले महीने ही रूसी सेना में सहायक भूमिकाओं के लिए भारतीय नागरिकों की भर्ती की खबरें सामने आने के बाद विदेश मंत्रालय ने चेतावनी जारी की थी। रूसी अधिकारियों के समक्ष भी मामला उठाया गया था। रूसी अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया जाना चाहिए कि उनके यहां सेना में भारतीयों का कतई इस्तेमाल न हो। भारत अनेक बार युद्ध की खिलाफत कर चुका है। रूस में अगर जवानों की कमी होने लगी है, तो उसे युद्ध से पीछे हटना चाहिए। किसी भी अन्य देश के जवानों के बल पर युद्ध जारी रखना अनैतिकता, बर्बरता और जघन्य युद्ध अपराध से कम नहीं है। यूक्रेन-रूस युद्ध में शामिल भारतीयों की संख्या भले नगण्य हो, पर विश्व स्तर पर ऐसी किसी भी भर्ती साजिश को नाकाम करने की दिशा में भारत को पुख्ता कोशिशें करनी चाहिए।

“ एजेंटों ने इन युवाओं से लाखों रुपये लेकर रूस भेजा है। कथित रूप से वहां इन युवाओं को दो विकल्प दिए गए हैं या तो दस साल की जेल स्वीकार करें या फिर सेना में शामिल हो जाएं। जाहिर है, ज्यादातर युवाओं ने कैद के बजाय सैन्य सेवा को चुना है। एक रिपोर्ट के अनुसार, पंजाब और हरियाणा के रहने वाले सात युवाओं के एक समूह ने भारतीय अधिकारियों से सहायता के लिए गुहार लगाई है।

### मूलभूत सिद्धांत की पुष्टि

बॉम्बे हाई कोर्ट ने भारतीय संविधान के तहत नागरिकों को मिले अभिव्यक्ति के मौलिक अधिकार की फिर पुष्टि की है। हाई कोर्ट की नागपुर बेंच ने इसी बुनियादी सिद्धांत के आधार पर दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर जीएन साईबाबा को यूएपीए के तहत दर्ज मामले से बरी किया है। स्पष्टत: कोर्ट ने किसी नए सिद्धांत की स्थापना नहीं की है। ना ही उसने कानून की कोई नई व्याख्या की है।

अतीत में सर्वोच्च न्यायालय दो टूक लहजे में ऐसी व्याख्याएं कर चुका है। लेकिन हाल के वर्षों में देश में जैसा माहौल रहा है, उसके बीच हाई कोर्ट का ताजा निर्णय मील के पत्थर की तरह महसूस होता है। कोर्ट ने कहा कि कम्युनिस्ट या माओवादी साहित्य लिखना, अथवा इंटरनेट पर मौजूद ऐसी सामग्रियों को डाउनलोड करना अपराध नहीं है। ऐसी गतिविधियों के कारण किसी पर अभियोग लगाया जाएगा, तो यह संविधान के अनुच्छेद 19 का उल्लंघन होगा।

दो जजों की बेंच ने कहा कि मुकदमा चलाने के लिए इस बात का ठोस सूबत होना अनिवार्य है कि संबंधित व्यक्ति हिंसा या आतंकवाद की गतिविधि में सक्रिय रूप से शामिल हुआ। कोर्ट ने ध्यान दिलाया कि इंटरनेट पर नक्सली या कम्युनिस्ट नजरिए वाली सामग्रियों को ढूंढना एक आम चलन है। लोग चाहें तो ऐसी सामग्रियां स्कैन या डाउनलोड कर सकते हैं। इनमें ऐसे वीडियो भी शामिल हैं, जिन्हें हिंसक प्रकृति का माना जाएगा।

चूंकि साईबाबा और पांच अन्य लोगों पर ऐसी ही गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ यूएपीए लगा दिया गया था, इसलिए कोर्ट ने मामले को खारिज कर दिया। इस बीच ये पांचों लोग पांच साल से अधिक समय जेल में गुजार चुके हैं। अब यह जाहिर है कि उन्हें ऐसे आरोप में जेल में रखा गया, तो असल में भारतीय संवैधानिक व्यवस्था के तहत जुर्म नहीं है। इस रूप में उनके लिए न्याय की प्रक्रिया ही दंड बन गई। दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसा अनगिनत अन्य व्यक्तियों के साथ भी हो रहा है। अगर न्यायपालिका आज भी जमानत को नियम और जेल को अपवाद मानने के सिद्धांत से प्रेरित रहती, तो शायद इस स्थिति से बचा जा सकता था।

### गोल्ड क्यों चमक उठा?

दुनिया भर में सोने की कीमत रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची है। भारत में प्रति दस ग्राम (24 कैरेट) सोने का भाव 65 हजार रुपये के पार चला गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में एक औंस सोने का भाव 2100 डॉलर से ऊपर चला गया। सोने के भाव में इस बढ़ोतरी के साथ-साथ क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन की कीमत ने भी रिकॉर्ड बनाया है। एक बिटकॉइन की कीमत 69 हजार डॉलर पार कर गई है। इन दोनों घटनाओं में आपसी रिश्ता है।

यह इस बात का संकेत हैं कि दुनिया भर में निवेशक अमेरिकी वित्तीय संपत्तियों से पैसा निकाल कर अधिक मुनाफा देने वाली या अधिक भरोसेमंद संपत्तियों में निवेश कर रहे हैं। इसका तात्कालिक कारण यह बताया है कि अमेरिका का फेडरल रिजर्व जल्द ही ब्याज दरों में कटौती करने वाला है, जिससे अमरेरिकी ट्रेजरी बिल, बॉन्ड आदि में निवेश पर मुनाफा घट जाएगा। लेकिन यह सिर्फ फौरी वजह है। जबकि सोने में पैसा लगाना एक दीर्घकालिक रुझान बन चुका है। सोने की सबसे ज्यादा मांग चीन में बढ़ी है, जहां का शेयर बाजार सरकारी नीतियों के कारण अनिश्चय में है। ऐसे में निवेशक सोने का सहारा ले रहे हैं। अमेरिका में बड़ी कंपनियों के शेयरों के भाव फिलहाल रिकॉर्ड बना रहे हैं, लेकिन आशंका यह है कि वहां एक बबूला तैयार हो रहा है, जिसका देर-सबेर फूटना तय है। वैसे भी अमेरिका सरकार पर तेजी से बढ़ते कर्ज कारण पूरी अमेरिकी अर्थव्यवस्था के बारे में इस समय कयासों का दौर है। एक आकलन के मुताबिक अमेरिका सरकार पर हर 100 दिन पर एक बिलियन डॉलर का कर्ज बढ़ रहा है।

“ इस संघर्ष को टालने का एकमात्र समाधान है जंगलों की कटाई पर रोक लगाना। इस पर हमें गंभीरता से विचार करना होगा कि यह संकट कुछेक वन्य जीवों का ही सवाल नहीं है, बल्कि दूसरी प्रजातियों के अस्तित्व से भी जुड़ा है। उस दशा में उन दूसरी प्रजातियों का अस्तित्व भी खतरे में पड़ सकता है। ऐसी स्थिति में पारिस्थितिकीय संतुलन का बिगाड़ अवश्यंभावी है।

# पेड़ों के बिना बेमानी वन्यजीव संरक्षण का दावा

ज्ञानेन्द्र रावत

सरकार देश में राष्ट्रीय पशु बाघ की संख्या में बढ़ोतरी का दावा करते नहीं थकती। एक समय विलुप्ति के कगार पर पहुंच चुके बाघों की तादाद में बढ़ोतरी वास्तव में प्रशंसा का विषय तो है ही, गर्व का विषय भी है। हाल ही में जारी केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की रिपोर्ट में तेंदुओं की तादाद में बढ़ोतरी का दावा किया गया है, और कहा गया है कि यह देश में जैव विविधता के प्रति भारत के अटूट समर्पण का प्रमाण भी है। अब तेंदुओं की संख्या बढ़कर करीब 13,874 हो गयी है। सरकार की उस घोषणा का भी स्वागत किया जाना चाहिए जिसके तहत सरकार ने वन्यजीवों की सात प्रजातियों यथा बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, प्यूमा, जगुआर और चीते के संरक्षण के लिए इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस बनाया है। इसकी सफलता उसी दशा में संभव है जब देश-दुनिया में वन्य जीवों के लिए न केवल उनके अनुकूल वातावरण हो, और साथ ही उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। यहां इस सच्चाई से इनकार नहीं किया जा सकता कि वन्य जीव और वन्य जीवन के लिए पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन बेहद महत्वपूर्ण है।

जनसंख्या में बेतहाशा बढ़ोतरी, अनियंत्रित औद्योगिक विकास और शहरीकरण के कारण जहां जंगलों की बेतहाशा कटाई के चलते वन्यजीवों के आवास लगातार खत्म किये जा रहे हैं, वहीं वन्य जीवों के अस्तित्व पर ही संकट खड़ा हो गया है। यही अहम कारण हैं कि वन्यजीव भोजन की तलाश में अब मानव बस्तियों की ओर रुख करने लगे हैं। इसका दुष्परिणाम वन्यजीव-मानव संघर्ष के रूप में सामने आया है। इस संघर्ष को टालने का एकमात्र समाधान है जंगलों की कटाई पर रोक लगाना। इस पर हमें गंभीरता से विचार करना होगा कि यह संकट कुछेक वन्य जीवों का ही सवाल नहीं है, बल्कि दूसरी प्रजातियों के अस्तित्व से भी जुड़ा है। उस दशा में उन दूसरी प्रजातियों का अस्तित्व भी खतरे में पड़ सकता है। ऐसी स्थिति में पारिस्थितिकीय संतुलन का बिगाड़ अवश्यंभावी है।

बीते कुछ महीनों से जंगलों और पेड़ों की अवैध कटाई का मसला विशेष रूप से चर्चा में है। इस मसले पर देश की सुप्रीम अदालत काफी गंभीर है और उसने संज्ञान



लेना शुरू भी कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कार्बेट रिजर्व नेशनल पार्क में अवैध निर्माण और पेड़ों की कटाई को अनुमति देने के लिए उत्तराखंड सरकार के पूर्व वन मंत्री और पूर्व प्रभागीय वन अधिकारी की खिंचाई की व फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यीय पीठ ने अपने आदेश में कहा कि सीबीआई इस प्रकरण की पहले ही जो जांच कर रही है, वह तीन महीने में इसकी जांच रिपोर्ट अदालत में पेश करे। पीठ ने कहा कि राज्य सरकार को भविष्य में ऐसे कारनामें रोके व पहले हो चुके नुकसान की भरपायी के लिए तत्काल कदम उठाए।

दरअसल पेड़ों की कटाई जैसे मसले पर देश की सुप्रीम अदालत की यह टिप्पणी एक सबक है। उसने कहा है कि वैधानिक प्रावधानों को ताक पर रखने जैसे पूर्व वन मंत्री और वन अधिकारी के दुस्साहस आश्चर्यचकित करने वाले हैं। यह विडंबना है कि वन अधिकारी पर गंभीर आरोप होने के बावजूद तत्कालीन वन मंत्री ने नियमों की अनदेखी कर उन्हें डीएफओ नियुक्त कर दिया। यह पूरा मामला राजनेता, नौकरशाहों की मिलीभगत का ज्वलंत उदाहरण है।

गौरतलब है कि कोर्ट की केन्द्रीय अधिकार प्राप्त समिति ने पहले सीटीआर के कालागढ़ वन प्रभाग के पाखरो और मोरघट्टी वन क्षेत्रों में 2021 में बाघ सफारी के संबंध में निर्माण सहित विभिन्न अवैध गतिविधियों के लिए पूर्व मंत्री और वनाधिकारी को जिम्मेदार ठहराया था। दरअसल, यह मामला अधिवक्ता और पर्यावरण कार्यकर्ता द्वारा दायर याचिका के चलते उजागर हुआ जिसमें पाखरो टाइगर सफारी में अवैध निर्माण के साथ-साथ अवैध रूप से हजारों पेड़ों की कटाई का आरोप लगाया था। पेड़ों की अवैध कटाई को लेकर देश में यह पहला मामला है जिसमें किसी मंत्री की संलिप्तता का खुलासा हुआ है और देश की सर्वोच्च अदालत ने संज्ञान लेते हुए गंभीर टिप्पणी करते हुए जिम्मेदार व्यक्तियों से नुकसान की भरपायी करने तथा राज्य के दोषी अधिकारियों के खिलाफ छह माह में अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने का निर्देश दिया है। उस हालत में जबकि देश में विकास के नाम पर, औद्योगिक कारखानों, एक्सप्रेस-वे या आल वैदर रोड के नाम पर या फिर पर्यटन के नाम पर पेड़ों को, जंगलों को विकास प्रक्रिया की भेंट चढ़ाना जारी है और इनके खिलाफ जनता द्वारा किये जा रहे धरने, विरोध प्रदर्शन और जन आंदोलन सब के सब बेमानी हो गये हैं।

अब देखना यह है कि सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप का परिणाम भविष्य में क्या होगा। यदि यह सिलसिला ऐसे ही जारी रहा तो देश एक दिन हरित संपदाविहीन भी हो सकता है। पारिस्थितिकी तंत्र के असंतुलन की दशा में वन्य जीव संरक्षण के दावे बेमानी हो जायेंगे। पेड़ों के बिना लोग ऑक्सीजन के अभाव में अकाल मौत के मुंह में जाने को विवश होंगे। कोरोना काल के भयावह मंजर से भी यदि देश के नीति-नियंताओं ने सबक नहीं सीखा, तो उस दशा में क्या होगा, यह किसी से छिपा भी नहीं है।

# सांसदों के अधिकारों की तालिका बनाइए

एचवी कामथ
वरिष्ठ राजनेता



अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि अनुच्छेद 85 के खंड(3) में तब तक सांसदों के विशेषाधिकार वे ही होंगे, जो इस विधान के प्रारंभ पर यूनाइटेड किंगडम की पार्लियामेंट के हाउस ऑफ कॉमन्स के सदस्यों को प्राप्त हैं के स्थान पर ये शब्द रखे जाएं- तब तक वे ही होंगे, जो इस विधान के प्रारंभ होने से पूर्व भारतीय अधिराज्य विधानमंडल के सदस्यों को प्राप्त हैं। श्रीमान विभिन्न विधानों का मुझे उतना विस्तृत अथवा परिमार्जित ज्ञान नहीं है, जितना डॉक्टर आंबेडकर को है, परंतु इन विधानों के अपने अल्पज्ञान पर विश्वास करते हुए मैं यह कहने का साहस करता हूं कि यह अपने रूप की पहली ही मिसाल है, जहां एक स्वतंत्र देश के विधान में दूसरे राज्य के विधान में आए हुए प्रावधानों का उल्लेख किया है। ऐसा करने के लिए मुझे कोई उचित कारण प्रतीत नहीं होता है। यह हो सकता है कि स्वतंत्र भारत की संसद के सदस्यों को जो अधिकार तथा विशेषाधिकार हम प्रदान करना चाहते हैं, वे ठीक उसी प्रकार के अथवा न्यूनाधिक रूप में वे ही हों, जो यूनाइटेड किंगडम की पार्लियामेंट के सदस्यों को प्राप्त हैं, परंतु श्रीमान, क्या अति विनम्रतापूर्वक मैं यह पूछ सकता हूं कि जब हम अपना निजी विधान बना रहे हैं, तो क्या यह आवश्यक अथवा वांछनीय है कि हम किसी अनुच्छेद में यह स्पष्ट रूप से निर्धारित कर दें कि इस विषय संबंधी प्रावधान इंग्लैंड की पार्लियामेंट के प्रावधानों के अनुसार होंगे?

इस प्रस्ताव के समर्थन में यह तर्क प्रस्तुत किया जा सकता है कि यूनाइटेड किंगडम का उल्लेख करने से हमारे विधान अथवा हमारे राज्य के गौरव में कोई कमी नहीं आती है और फिर इस तर्क द्वारा इस बात की और भी पुष्टि की जा सकती है कि अब हमने यह घोषणा कर दी है कि भारत राष्ट्रसंघ का पूरा सदस्य है, इसलिए अब इंग्लैंड की पार्लियामेंट का हवाला देने में कोई आपत्ति या रुकावट नहीं होनी चाहिए। चाहे वह अपमानजनक न हो अथवा विधान की प्रतिष्ठा को कम न करता हो, परंतु क्या सभा के गंभीर विचारार्थ मैं यह पूछ सकता हूं कि क्या वही विधान की प्रतिष्ठा को बढ़ाता है? हम यह कहते हैं कि अमुक-अमुक बातें वैसी ही होनी चाहिए, जैसी कि यूनाइटेड किंगडम अथवा अमेरिका में हैं। किसी अन्य देश से कोई बात लेकर अपने विधान में उल्लेख के रूप में उसका समावेश करने की अपेक्षा क्या यह बराबर तथा अधिक आनंददायक नहीं होगा कि हम अपनी ही पूर्वोक्तियों अथवा अपनी भारतीय परंपराओं पर ही विश्वास करें?

क्या यहां यह कहना पर्याप्त नहीं है कि यहां अपने देश में संसद सदस्यों के अधिकार, विशेषाधिकार तथा विमुक्तियां वही होंगी, जो इस संविधान के प्रारंभ के पहले विधान परिषद् या अधिराज्य विधानमंडल के सदस्यों को प्राप्त रही हैं? वैयक्तिक रूप में मैं यह समझता हूं कि यह बहुत ही अच्छा होगा। मैं यह आशा करने का साहस करता हूं कि इस सभा में मेरे माननीय मित्रों का झुकाव इसी विचार की ओर होगा कि यूनाइटेड किंगडम का उदाहरण देने की अपेक्षा जो कुछ परंपरा हमने अपने यहां स्थापित कर रखी है, उस पर निर्भर होना ही अच्छा है। वास्तव में, कोई भी व्यक्ति इस तथ्य पर आपत्ति नहीं करेगा कि आज जो विशेषाधिकार और विमुक्तियां हमको यहां प्राप्त हैं, वे किसी रूप में भी यूनाइटेड किंगडम की लोकसभा के सदस्यों को प्राप्त विशेषाधिकारों तथा विमुक्तियों से निम्न प्रकार की अथवा उनसे बदतर हैं।

यह बात भी सच है कि हममें से अनेक व्यक्ति यह भी नहीं जानते हैं कि वहां की लोकसभा के सदस्यों के क्या-क्या विशेषाधिकार हैं? यह हम भली प्रकार जानते हैं कि इस समय हमारे विशेषाधिकार क्या हैं? अत: श्रीमान, अन्य देशों में प्रचलित प्रथाओं पर विश्वास करने की अपेक्षा अपने निजी पुष्ट आधार पर खड़े होना ही अच्छा है। इन शब्दों के साथ मैं इस प्रस्ताव को सभा के विचारार्थ और स्वीकारार्थ प्रस्तुत करता हूं।

...मेरे संशोधन को स्वीकार कर लेने का अर्थ विशेषाधिकारों के न होने से नहीं है। मैं यह स्मरण कराऊंगा कि कार्यप्रणाली के नियमों के अंतर्गत, जिनको इस सभा ने विधानमंडल के रूप में बैठकर प्रयोगात्मक रूप से अंगीकार किया है, मगर एक विशेषाधिकार समिति होगी, जो इस विषय पर विचार करेगी और सभा के विभिन्न विशेषाधिकारों को परिभाषित करेगी।

**( संविधान सभा में दिए गए उद्बोधन से )**

# क्या आप अधिकार से वंचित रहना चाहते हैं

अल्लादी कृष्णस्वामी अय्यर
वरिष्ठ राजनेता



महोदय, इस अनुच्छेद पर, जिस रूप में वह है, दो आपत्तियां उठाई गई हैं। एक भावना पर आश्रित है और दूसरी, किसी अन्य राज्य के सदन के उन विशेषाधिकारों के उल्लेख करने के औचित्य पर, जिनसे सामान्य नागरिक तथा यहां के संसद सदस्य संभवत: परिचित नहीं हैं...यह सबको विदित है कि सबसे अधिक विस्तृत विशेषाधिकारों का प्रयोग इंग्लैंड के संसद सदस्यों द्वारा किया जाता है। अभी निर्मित भारतीय विधान-मंडल के वर्तमान विशेषाधिकारों के समान ही यदि विशेषाधिकार रखे जाएं, तो फल यह होगा कि सदन की अवज्ञा करने पर भी किसी व्यक्ति को दंड नहीं दिया जा सकेगा।

...ऑस्ट्रेलिया के संयुक्त संघ अधिनियम में तथा कनाडा के अधिनियम में विस्तृत पदावली के कारण, दोनों स्थानों की संसद को वे ही अधिकार हैं, जो इंग्लैंड की संसद को प्राप्त हैं, अत: उनको अवज्ञा के लिए दंड देने का अधिकार है। क्या आप स्वयं को इस अधिकार से वंचित रखना चाहते हैं? प्रश्न तो यह है।

मैं अब दूसरी आपत्ति पर विचार करूंगा। यदि आपके पास संक्षिप्त रूप में समस्त विशेषाधिकारों की तालिका बनाने का समय तथा अवकाश है, तो यह तो बहुत ही अच्छा होगा। मुझे विश्वास है कि इस सभा के विधायी पक्ष की ओर अध्यक्ष द्वारा निर्मित समिति ने तब तक (विशेषाधिकार) तालिका बनाना बहुत ही कठिन समझा, ...इस प्रयोजन के लिए उनके पास पर्याप्त समय नहीं था, अत: समिति इस विषय में अध्यक्ष को कोई प्रभावी मंत्रणा न दे सकी। ...ऐसे हालात में मैं निवेदन करता हूं कि मर्यादा के विरुद्ध होने की कोई बात नहीं है। ...हिंदी के साथ-साथ कुछ समय के लिए हम अपना विधान अंग्रेजी में रख रहे हैं, तो इंग्लैंड के विशेषाधिकारों के उल्लेख पर आपत्ति क्यों?

दूसरी बात यह है कि विशेषाधिकारों की सूची बनाने के लिए उचित तंत्र की स्थापना करने में संसद के आगे कोई रुकावट नहीं है। इस अनुच्छेद में इस बात के लिए विस्तृत क्षेत्र हैं। अन्य बातों में संसद-सदस्यों के विशेषाधिकार और विमुक्तियां वही होंगी, जो संसद समय-समय पर विधि द्वारा परिभाषित करेगी और वे जब तक परिभाषित नहीं की जातीं, तब तक वे ही होंगी, जो इस संविधान के प्रारंभ पर यूनाइटेड किंगडम की संसद के हाउस ऑफ कॉमन्स के सदस्यों को प्राप्त हैं। अनुच्छेद में बस यही कहा गया है। यह आपके स्वविवेक में किसी रूप से रुकावट नहीं डालता है। आप विशेषाधिकारों को बढ़ा सकते हैं, उनको घटा सकते हैं तथा अन्य प्रकार के विशेषाधिकार रख सकते हैं। ग्रेट ब्रिटेन की संसद का उल्लेख किए बिना आप स्वयं अपने विशेषाधिकार तय कर सकते हैं। ...केवल अस्थायी रूप में हाउस ऑफ कॉमन्स के विशेषाधिकारों को इस सदन पर लागू किया गया है। मर्यादा के विरुद्ध होने से कोसों दूर रहकर इस अनुच्छेद में व्यवस्था की गई है...। अत: खंड (3) के शब्दों में कोई बात मर्यादा के विरुद्ध नहीं है। इस प्रथा का अनुसरण लाभदायक रूप में ऑस्ट्रेलिया, कनाडा तथा अन्य देशों में हुआ है और उससे अभिव्यक्ति की पूर्ण स्वतंत्रता तथा हरेक प्रकार से सदन को सर्वशक्ति प्राप्त हो गई है।

जब हम अंग्रेजी भाषा ग्रहण कर रहे हैं तथा जब हम उन वैधानिक पदों का प्रयोग कर रहे हैं, जो इंग्लैंड में प्रचलित हैं, तो हमें इस बात को भी ग्रहण करने से नहीं कतराना चाहिए। आप यह कह रहे हैं कि यदि हम यह कहें कि विशेषाधिकार वे ही होंगे, जो हाउस ऑफ कॉमन्स के सदस्यों को प्राप्त हैं, तो इसमें गुलामी की बू है, यह दासत्व का चिह्न है। पर यह बात कोसों दूर है। आज इंग्लैंड की संसद ग्रेट ब्रिटेन, अधिराज्यों तथा अन्य राज्यों पर आधिपत्य जमाए हुए है। यह कहना कि आप उतने ही महान हैं, जितना कि ग्रेट ब्रिटेन, तो यह कोई निम्न भावना का संकेत नहीं है, बल्कि अपने आत्मसम्मान की पुष्टि करना है तथा अपनी संसद की सर्वशक्ति की भी पुष्टि करना है। अत: श्रीमान, मैं निवेदन करता हूं कि ब्रिटिश पार्लियामेंट के उल्लेख पर जो आपत्ति की गई है, उसमें बिल्कुल बल नहीं है। इन हालात में यह अनुच्छेद ब्रिटेन के प्रति दासत्व, गुलामी तथा भृत्यभाव की भावना के अधीन निर्माण किए जाने से कोसों दूर रहकर आत्म-पुष्टि की भावना से निर्मित किया गया है और इस भावना की पुष्टि के लिए बनाया गया है कि हमारा देश तथा हमारी संसद उतनी ही महान है, जितनी ग्रेट ब्रिटेन की संसद।

**( संविधान सभा में दिए गए उद्बोधन से )**



### छग में महतारी वंदन

यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता: को सार्थक करते हुए छत्तीसगढ़ में महिलाओं के सशक्तिकरण के उद्देश्य से महतारी वंदन योजना की शुरूआत की गई है। योजना में पात्र महिलाओं को एक हजार रुपए प्रतिमाह के मान से सालाना 12 हजार रुपए की राशि उपलब्ध कराई जायेगी। महिलाओं के स्वावलंबन की कड़ी में एक और बड़ा फैसला लेते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में नई सरकार ने रेडी टू ईट बनाने का दायित्व अब महिला समूहों को देने का निर्णय लिया है। इसके अलावा पूर्व में संचालित योजनाओं को समाहित करते हुए 10 नवीन अम्ब्रेला योजना प्रारंभ की जायेगी, ग्राम पंचायतों में महिलाओं के विकास एवं सशक्तिकरण हेतु आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के लिए महिला सदन का निर्माण किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राज्य की जनता को दी गई गारंटी को पूरा करने के लिए महतारी वंदन योजना में छत्तीसगढ़ सरकार ने वर्ष 2023-24 के अनुपूरक बजट में 1200 करोड़ रुपए और वर्ष 2024-25 के बजट में इस योजना के लिए 3 हजार करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया है। महतारी वंदन योजना में पात्र विवाहित महिलाओं को हर महिने एक-एक हजार रुपए की राशि दी जाएगी। डीबीटी के माध्यम से सीधे महिलाओं के बैंक खाते में यह राशि 10 मार्च को आएगी। महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण संबंधी देखभाल में अतिरिक्त जरूरत को यह राशि पूरा करेगी।

छत्तीसगढ़ में महिलाओं के स्वास्थ्य की बात की जाए तो 2020-21 में हुए राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे-5 के अनुसार 23.1 प्रतिशत महिलाएं मानक बॉडी मास इंडेक्स से कम स्तर पर हैं। 15 से 49 वर्ष के आयु की महिलाओं में एनीमिया का स्तर 60.8 प्रतिशत और गर्भवती महिलाओं में यह 51.8 प्रतिशत है। आकड़ों पर गौर करें तो यह बात स्पष्ट हो जाती है कि भले ही छत्तीसगढ़ में महिलाओं पर सामाजिक बंधन देश के अन्य हिस्सों के समान कड़ा नहीं है लेकिन आज भी वे सामाजिक एवं आर्थिक तौर पर पिछड़ी हुई हैं। इस स्थिति को बदलने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन और उनकी शिक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर योजनाओं का संचालन किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ सरकार के वर्ष 2024-25 बजट में सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र एवं पूरक पोषण आहार के लिए 700 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा पहले से संचालित योजनाओं को समाहित करते हुए 10 नवीन अम्ब्रेला योजना प्रारंभ की जायेगी, इसके लिए 628 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लिए 117 करोड़ का प्रावधान किया गया है। ग्राम पंचायतों में महिलाओं के विकास एवं सशक्तिकरण के लिए आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के लिए महिला सदन का निर्माण किया जायेगा, इसके लिए 50 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

**-जीएस केशरवानी**
**उपसंचालक**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

प्रिंट और डीजिटल मीडिया में
सभी प्रकार के विज्ञापन
के लिए
संपर्क करे
Mob.-:
9303289950
7987166110

श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM



# मुख्यमंत्री साय ने कबीरधाम जिले में 118.24 करोड़ रुपए के 154 कार्यों का किया लोकार्पण-शिलान्यास

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के आग्रह पर मुख्यमंत्री साय ने नहर विस्तारीकरण सहित विभिन्न कार्यों की रखी आधारशिला

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर कबीरधाम जिले के ग्राम कुरूवा में आयोजित साहू समाज के सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने इस अवसर पर जिले के विकास के लिए 118 करोड़ 24 लाख 16 हजार रूपए की लागत के 154 कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री साय से उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जन आकांक्षाओं के अनुरूप जिले के समग्र विकास के लिए विशेष अनुरोध किया था। मुख्यमंत्री श्री साय ने लोकार्पण एवं भूमिपूजन से पहले कर्मा मैदान परिसर में विधि–विधान से पूजा की और प्रदेश वासियो को महाशिवरात्रि पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सासंद संतोष पांडेय, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, पूर्व संसदीय सचिव डॉ सिया राम साहू, पूर्व विधायक अशोक साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला रामकुमार भट्ट सहित समाज प्रमुख उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम में मछली पालन और उद्यान विभाग की हितग्राही मूलक योजना अंतर्गत 1 करोड़ 50 लाख 30 हजार रूपए की सामाग्री का वितरण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड का वितरण भी किया।

मुख्यमंत्री ने कबीरधाम जिले में सिंचाई क्षमता एवं जलाशय की नहर विस्तारीकरण के लिए 107 करोड़ 07 लाख 94 हजार रूपए की लागत से कुल 09 कार्यों का शिलान्यास एवं भूमिपूजन किया। उन्होंने 84 करोड़ 70 लाख 72 हजार रूपए की लागत से विकासखंड सहसपुर लोहारा की बोरोदाखुर्द जलाशय योजना का निर्माण कार्य, 13 करोड़ 94 हजार रूपए की लागत से विकासखंड कवर्धा की सरोदा मध्यम जलाशय अंतर्गत अगरी माईनर का रिमाडलिंग एवं विस्तारीकरण कार्य, 6 करोड़ 10 लाख 69 हजार रूपए की लागत से भाटकुंडेरा (ठाठापुर) व्यपवर्तन योजना का निर्माण कार्य, 1 करोड़ 59 लाख 60 हजार रूपए की लागत से विकासखंड सहसपुर लोहारा की सोनझरी जलाशय योजना के आरबीसी एवं एलबीसी के नहर लायनिंग कार्य, 2 करोड़ 43 लाख 49 हजार रूपए की लागत से विकासखंड बोड़ला की सरईपतेरा व्यपवर्तन योजना के गेट सुधार एवं नहर लाईनिंग कार्य, 2 करोड़ 97 लाख 27 हजार रूपए की लागत से छीरपानी मध्यम जलाशय अंतर्गत छीरपानी एवं निरीक्षण कुटीर का जीर्णोद्धार एवं निर्माण कार्य, 2 करोड़ 10 लाख 49 हजार रूपए की लागत से सुखानाला व्यपवर्तन का जीर्णोद्धार एवं नहर लाईनिंग कार्य, 2 करोड़ 92 लाख 43 हजार हजार रूपए की लागत से राजपुर व्यपवर्तन कार्य प्रारंभ से 5000 मीटर तक कार्य, 2 करोड़ 92 लाख 31 हजार रूपए की लागत से बेल्हरी जलाशय के शीर्ष कार्य एवं मुख्य नहर का मरम्मत, जीर्णोद्धार एवं लाईनिंग कार्य लंबाई 6200 मीटर के कार्य शामिल है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंडी मद अंतर्गत 11 करोड़ 03 लाख 22 हजार रूपए की लागत से 143 विकास कार्य और निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। उन्होंने 6.50-6.50 लाख रूपए की लागत से ग्राम पंचायत कल्याणपुर में दो सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया।

### एक महिला शिक्षित है तो पूरा घर शिक्षित होता है: मुख्यमंत्री

**रायपुर।** मैं अपने गाँव की सरपंच थीं। मैं और मेरे पति गाँव को सुधारने में सक्रिय थे। हम दोनों को विकास कार्य के लिए धमकियों का सामना करना पड़ता था। विकास कार्यों को रोकने के लिए हम पर दबाव बनाया जाता था। हमारी स्कूल और आंगनबाड़ी को बंद करने को कहा गया। मुझे इस बात की बहुत पीड़ा थी। मैंने नक्सलियों का विरोध करने का निर्णय लिया। अपने समाज की समस्याओं को अंतरमन से समझकर मुझे स्वयं को सशक्त बनाने की जरूरत महसूस हुई और मैं फाइटर बन गई। आज मैं अपने पति से भी ज्यादा शक्तिशाली महसूस करती हूं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से बात करते हुए बस्तर फाइटर नारायणपुर की पोकेश्वरी सलाम ने अपने जीवन की आपबीती मुख्यमंत्री को बतायी। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज दंतेवाड़ा के जावंगा एजुकेशन सिटी के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में दंतेश्वरी फाइटर्स, बस्तर फाइटर्स के महिला जवानों से संवाद किया। इस दौरान महिला जवानो ने मुख्यमंत्री से अपने जीवन के अनुभव भी साझा किए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पोकेश्वरी आपके साहस को सलाम करता हूँ मैं भी पंच पद से राजनीति जीवन शुरू किया था आज जनता के आशीर्वाद से सरपंच, विधायक, सांसद, केंद्र में मंत्री पद के साथ अब प्रदेश का मुख्यमंत्री बना। शीतल ने बताया कि मेरा गांव भी नक्सल आतंकवाद से पीड़ित था।

## खास खबर

### बार एंड रॉड मिल ने वार्षिक रेटेड क्षमता को पार कर रचा नया कीर्तिमान

**भिलाई।** सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र की उच्च स्तरीय स्वचालन और नियंत्रण प्रणालियों से सुसज्जित मॉडेक्स इकाई बार एंड रॉड मिल ने, वित्तीय वर्ष 2023–24 के पूरा होने से लगभग 25 दिन पहले, 5 मार्च 2024 को अपनी वार्षिक रेटेड क्षमता 0.9 मिलियन टन या 90 लाख टन के मील के पत्थर को पार कर लिया। 5 मार्च 2024 की प्रथम पाली के दौरान टीम बीआरएम ने यह मील का पत्थर पार किया। उल्लेखनीय है कि मिल ने वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान विभिन्न इन्फ्रास्ट्रक्चर और निर्माण परियोजनाओं में उपयोग के लिए टीएमटी बार्स के कुछ नए ग्रेड तैयार किए हैं। नए ग्रेड प्लांट के गुणवत्ता विभाग और स्टील मेल्टिंग शॉप–3 के सहयोग से विकसित किए गए। एसएमएस–3 मिल को वांछित ग्रेड के कास्ट बिलेट्स की आपूर्ति करता है। इन वैल्यू एडेड ग्रेडों से संयंत्र के शुद्ध बिक्री लाभों में बढ़ोत्तरी भी हुई है। मिल ने वर्तमान वित्त वर्ष 2023–24 के अक्टूबर महीने में 1,01,111 टन टीएमटी बार्स उत्पादन कर अब तक का सर्वश्रेष्ठ मासिक उत्पादन का रिकॉर्ड दर्ज किया था। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने इस उपलब्धि के लिए टीम बीआरएम और सभी संबद्ध शॉप्स को बधाई दी है। संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी बीआरएम बिरादरी को बधाई दी है। इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए पूरे बीआरएम टीम को धन्यवाद देते हुए, बार एंड रॉड मिल के महाप्रबंधक व विभागाध्यक्ष शांतनु कुमार बेहरा ने कहा कि यह केवल टीम बीआरएम के संयुक्त प्रयासों के कारण ही संभव हो सका है। उत्कृष्टता की दिशा में अपनी यात्रा जारी रखते हुए, बार एंड रॉड मिल ने 7 मार्च 2024 को दैनिक और पाली रिकॉर्ड दर्ज किया। मिल ने 7 मार्च 2024 को किसी भी प्रोफाइल में अब तक का सर्वश्रेष्ठ दैनिक उत्पादन रिकॉर्ड दर्ज करते हुए 16 मिमी मोटाई के 3802 टन टीएमटी बार्स का उत्पादन कर, 30 अगस्त 2023 को दर्ज 3757 टन उत्पादन रिकॉर्ड को पार किया।

### दुर्ग की तबस्सुम ने रचा इतिहास : मिक्स डबल इवेंट में बनी राष्ट्रीय चैंपियन

**दुर्ग।** नागपुर में आयोजित 9 वीं सीनियर मिनीगोल्फ राष्ट्रीय चयन स्पर्धा संपन्न हुई जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य से विविध केटेगरी में 40 महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों ने प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया था। प्रदेश टीम के मैनेजर हेमन्त खुटे ने जानकारी देते हुए बताया कि यह स्पर्धा नाकआउट पद्धति से खेली गई । प्रदेश की टीम में महासमुंद जिले से सर्वाधिक खिलाड़ियों का चयन नेशनल चैंपियनशिप हेतु रायपुर के दावड़ा यूनिवर्सिटी में आयोजित राज्य चयन स्पर्धा में खिलाड़ियों द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हुआ था। हेमंत ने आगे बताया कि झलप निवासी एस एम इमरान व तबस्सुम ने मिक्स डबल इवेंट में भाग लेकर बिना कोई मैच हारे शानदार खेल का प्रदर्शन कर राष्ट्रीय चैंपियन का गौरव हासिल करते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। प्रदेश की मिक्स डबल की टीम में शामिल इमरान व तबस्सुम ने केरल, तमिलनाडु, हरियाणा व ओडिशा जैसी मजबूत टीम को हराकर एक नई कीर्तिमान बनाते हुए जिले व प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। प्रदेश टीम के मैनेजर व मिनी गोल्फ एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के मीडिया प्रभारी हेमन्त खुटे को भी राष्ट्रीय चयन स्पर्धा में रेफरी की भूमिका निभाने के लिए अतिथियों ने मंच पर मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

# पाली महोत्सव से मिलती है छत्तीसगढ़ की संस्कृति को अलग पहचान: लखनलाल देवांगन

## उद्योग, वाणिज्य और श्रम मंत्री तथा राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय की उपस्थिति में पाली महोत्सव का हुआ शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** महाशिवरात्रि पर्व सहित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को समर्पित कोरबा जिले के ग्राम केराझरिया में दो दिवसीय पाली महोत्सव का शुभारंभ उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन,राज्य सभा सांसद सुश्री सरोज पांडेय सहित अन्य अतिथियों ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस और महाशिवरात्रि की बधाई दी और कहा कि पाली का ऐतिहासिक शिव मंदिर छत्तीसगढ़ की संस्कृति और विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। पाली महोत्सव के माध्यम से यहाँ की संस्कृति को अलग पहचान मिल रही है।



महोत्सव में मुख्य अतिथि मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि पाली महोत्सव का आयोजन इस क्षेत्र के लोगों के गौरव से जुड़ा है। इसकी शुरुआत पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के समय हुई थी। इसे भव्य रूप से मनाते हुए राष्ट्रीय और स्थानीय कलाकारों को अवसर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को पूरा कर राज्य के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने किसानों के हित में फैसला लिया है। 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी, 31 सौ रुपये धान का मूल्य का वादा पूरा किया जाएगा। शीघ्र ही 12 मार्च को अंतर की राशि किसानों के खातों में अंतरित की जाएगी। उन्होंने कहा कि तेंदूपत्ता का पारिश्रमिक मूल्य चार हजार से 55 सौ प्रति मानक बोरा किया गया है। महतारी वन्दन योजना के माध्यम से 10 मार्च से सभी पात्र महिलाओं के खाते में राशि हर माह एक हजार रुपए प्रदान की जाएगी।

इस दौरान राज्य सभा सांसद सुश्री सरोज पांडेय ने कहा कि महाशिवरात्रि का पर्व बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। भगवान महादेव हमारे देश में आस्था और संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है और हम सबकी कामना है कि महादेव हम सभी देशवासियों को खुश रखे,उन्हें सफलता की राह में आगे बढ़ाए। हमारा छत्तीसगढ़ और हमारा भारत लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़े। उन्होंने महिला दिवस से जोड़कर कार्यक्रम का आयोजन करने और महिला कलाकारों का सम्मान किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि हमारे देश में नारी शक्ति वंदनीय है।

सरकार द्वारा महतारी वन्दन योजना के माध्यम से नारी शक्ति को आर्थिक रुप से सशक्त किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश को लगातार विकास की राह में आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने महिला दिवस और महाशिवरात्रि की सभी को बधाई दी। कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने राज्य शासन की योजनाओं के बारे में बताते हुए लोगों को इसका लाभ उठाने तथा पाली महोत्सव के आयोजन में सभी को सम्मिलित होने की अपील की। कलेक्टर अजीत वसंत ने स्वागत भाषण के माध्यम से पाली महोत्सव के आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि महाशिवरात्रि पर्व और अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को ध्यान रखकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

# जिले में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव परिवार समिति दुरपा की ओर से शिव बारात का आयोजन किया गया। पावर हाउस रोड शिव मंदिर से शुरू होकर भगवान ब्रह्मा, विष्णु व विविध भेष धारियों के साथ काली मंदिर दुरपा तक निकली बारात के साथ शोभायात्रा दर्शनीय रही। बारात के दौरान शिव से जुड़े विभिन्न कथानकों को झलकी के माध्यम से प्रस्तुत की गई। दुरपा शिवमंदिर में बारात के पहुंचने के पश्चात प्रतीकात्मक शिव पार्वती विवाह आयोजित की गई। महाशिवरात्रि पर्व पर शिवालयों में विविध आयोजन का दौरा सुबह से देर रात तक जारी रहा। इस अवसर पर भक्तों ने पूजा पाठ व जलाभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

महाशिवरात्रि का पर्व जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विविध झलकियों के साथ निकाली गई शिव बारात शहर भर में आकर्षण का केंद्र रहा। मथुरा व मेरठ से पहुंचे विशेष झांकी दलों की ओर से शिवपुराण से जुड़ी कथाओं को जीवंत करते हुए प्रस्तुति दी गई। मंदिरों में शिवलिंग में जलाभिषेक करने के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। पूजा आराधना में के लिए व्रती श्रद्धालुओं ने पहले से ही तैयारी कर ली थी। भक्तों ने उपवास रखकर शिव की आराधना की। इस कड़ी में शहर के सप्तदेव मंदिर द्वादश ज्योतिर्लिंग जलाभिषेक करने महिला श्रद्धालुओं की खासी भीड़ रही। साडा कालोनी स्थित शिव मंदिर रूद्राभिषेक से भक्तों ने शिव पूजा की। शाकंभरी मंदिर कोसाबाड़ी में सुबह से भक्तों की कतार लगी रही। पूरा वातावरण शिव भक्ति से ओतप्रोत रहा। मंदिर में स्थापित शिवलिंग बेलपान, फू ल, आंक, धतूरा, कनेर आदि से आच्छादित रहे। शहरी शिवमंदिरों के अलावा कटघोरा, करतलाा, बरपाली, बांकीमोंगरा, दीपका, जवाली, चाकाबूड़ा, पसान, तूमान, चैतमा, पाली, छुरी, दर्री, जमनीपाली, बांकीमोगरा, बालको आदि स्थानों पर शिवरात्रि पर्व का उत्साह रहा।

# जेएलएन अस्पताल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के तहत आयोजित रक्तदान कार्यक्रम

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य चिकित्सालय पं. जवाहरलाल नेहरू अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र के ब्लड सेंटर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2024 के तहत रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन 7 मार्च, 2024 को किया गया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का विषय महिलाओं पर निवेश से प्रगति में तेजी है। इस रक्तदान कार्यक्रम का उद्देश्य सुरक्षित रक्त की आवश्यकता को पूरा करने हेतु जागरूकता बढ़ाना और स्वस्थ महिलाओं को स्वैच्छिक रक्त–दाताओं के रूप में प्रोत्साहित करना है।




रक्तदान कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक (एचआरडी एवं बीई) निशा सोनी ने किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनीता द्विवेदी विषेष अतिथि के रूप में उपस्थित थी।

रक्तदान कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (एम एंड एचएस) डॉ रवींद्रनाथ एम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एम एंड एचएस) डॉ प्रमोद बिनायके, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एम एंड एचएस) डॉ कौशलेंद्र ठाकुर, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एम एंड एचएस) डॉ एस निली कुजूर, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एम एंड एचएस) डॉ लता देवांगन, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एम एंड एचएस) डॉ संगीता कामरा और महाप्रबंधक (एसएमएस–3) पुष्पा एम्ब्रोस सहित चिकित्सालय के अन्य वरिष्ठ चिकित्सकगण एवं अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

ब्लड सेंटर के डॉ दीपक दाश महापात्रा और राजीव कुमार शर्मा के मार्गदर्षन में जेएलएन चिकित्सालय की ब्लड सेंटर टीम ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया। चिकित्सालय एवं संयंत्र की महिला कर्मचारियों ने स्वैच्छिक रक्तदान कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाग लेकर समाज के कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। अस्पताल में विभिन्न स्थानों पर जागरूकता संबंधी पोस्टर लगाए गए थे। 'इनर व्हील क्लब ऑफ भिलाई स्टील सिटी' नामक स्वैच्छिक रक्तदाता संगठन ने भी इस रक्तदान कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के तहत आयोजित इस रक्तदान कार्यक्रम में कुल 23 स्वस्थ व्यक्तियों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर सभी स्वैच्छिक रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

रक्तदान कार्यक्रम में रक्तदान करने वाले स्वैच्छिक रक्तदाताओं में शामिल हैं डॉ पूजा सियाल, डॉ लता देवांगन,पुस्पा एम्ब्रोस, डॉ गायत्री देवी नाटी, पिंकी लाल आर, निशा बाउल, डॉली साहू, डॉ आकांक्षा शर्मा, गीता घोष, गीतांजलि नायक, डॉ अमित नायक, ज्योति, वन्दना सोनी, तुहेन्द्र सिंह, पुष्पलता, डॉ रौनक दास, आशीष देशमुख, संध्या देवी शर्मा, एस संजीव तथा बिंदु कुरूप। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, प्रतिवर्ष 8 मार्च को मनाया जाता है। यह महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का वैश्विक उपलक्ष्य है। इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का विषय महिलाओं पर निवेश से प्रगति में तेजी महिलाओं पर निवेश के माध्यम से समाज में लैंगिक समानता और समग्र विकास एवं सस्टेनेबल भविष्य अर्जित करने के महत्व को दर्षाता है।

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65



Premier sales
8959493000
A Leela Electronics
9425507772
Reena Electronics
9329132299
Shree Electronics
7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...



### शकुंतला फाउंडेशन ने समाज सेवियों को सम्मानित किया

**रायपुर (ए)।** आदिशक्ति सम्मान समारोह में शकुंतला फाउंडेशन ने वृंदावन हॉल में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवा कार्य कर रहे समाज सेवियों का सम्मान किया। आदिशक्ति सम्मान बुजुर्गो के लिए शकुंतला फाउंडेशन छत्तीसगढ़ द्वारा बनाए जा रहे पाहंदा कुम्हारी में वृद्धाश्रम निर्माण सहायतार्थ आयोजित था।समारोह के मुख्य अतिथि विधायक व पूर्व आईएएस नीलकंठ टेकाम, अध्यक्षता सहाय अस्पताल डायरेक्टर व छालीवुड अभिनेता अजय सहाय, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी शकुंतला देवी, अपर आयुक्त आदिवासी विकास आनंद सिंह, भाजपा प्रवक्ता गौरीशंकर श्रीवास, एल्डरमैन रतना नारमदेव महिला, संस्था अध्यक्ष स्मिता सिंह टीआई सुजाता दास दुर्ग थे।

कार्यक्रम में 150 से अधिक प्रतिभागी सम्मानित हुए। आयोजन को सफल बनाने में गोविन्द अग्रवाल, महेश दुबे, अमर पाल, पदमा घोष, संस्था सचिव संजना सिंह सुषमा बग्गा, हासी बैनर्जी अनुश्री पाठक, सुभदा पाठक, अपर्णा चांडक, डाक्टर अभिषेक मिश्रा, माया तिवारी, डाक्टर आरती साठे, गायत्री, मनीष अग्रवाल वैभव गुप्ता संस्था सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 51 मितानिन दीदियों का सम्मान




**रायपुर (ए)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 8 मार्च को त्रिलोकी मां कालीबाड़ी समिति डॉ. राजेंद्र नगर और उपासना सेवा फाउंडेशन ने संयुक्त रूप से संत रविदास महिला सेवा समिति तथा 51 मितानिन दीदियों का सम्मान किया। त्रिलोकी मां कालीबाड़ी मंदिर परिसर में आयोजित इस समारोह में मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता सुचित्रा विवेक बर्धन ने महिलाओं के अधिकार, घरेलू हिंसा तथा महिलाओं से संबंधित कानून की विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उपासना सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष रतिकांत साहू ने नि:शुल्क शिक्षा प्रणाली पर प्रकाश डाला। विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित बुद्ध बिहार महिला समिति की अध्यक्ष अरुणा मेश्राम ने महिला सशक्तिकरण पर विस्तार से प्रकाश डाला। ग्रीन आर्मी ऑफ रायपुर की मोनिका बागरेचा ने पर्यावरण संरक्षण पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर त्रिलोकी मां कालीबाड़ी समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। यह जानकारी त्रिलोकी मां कालीबाड़ी समिति डॉ. राजेंद्र नगर के सचिव विवेक बर्धन ने दी।

### राजिम कुंभ कल्प 2024 भव्यता के साथ हुआ संपन्न

# राजिम कुंभ ने बनायी देश में अपनी विशेष पहचानः राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन

**राजिम कुंभ के समापन समारोह में राज्यपाल मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल, कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने की**

- संगम नगरी राजिम कुंभ कल्प में दिखा अयोध्या धाम का आकर्षक वैभव
- रामोत्सव के रूप में मनाया गया राजिम कुंभ कल्प
- राजिम के पवित्र कुंभ में देशभर के साधू-संतों एवं महामंडलेश्वरों ने लिया हिस्सा

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** राजिम के त्रिवेणी संगम में 24 फरवरी से प्रारंभ राजिम कुंभ कल्प-2024 08 मार्च को भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने की। राजिम कुंभ के दौरान संगम नगरी राजिम कुंभ कल्प में अयोध्या धाम का आकर्षक वैभव दिखा। इस वर्ष का राजिम कुंभ कल्प रामोत्सव के रूप में मनाया गया। कुंभ में देशभर से साधु-संत एवं महामंडलेश्वर भी शामिल हुए। समापन समारोह के अवसर पर मुख्यमंच में राज्यपाल हरिचंदन एवं मौजूद अतिथियों ने भगवान राजीव लोचन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद लिया। साथ ही प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

समापन समारोह में राज्यपाल हरिचंदन ने कहा कि छत्तीसगढ़ की पवित्र नगरी राजिम के कुंभ मेले में शामिल होकर मुझे आत्मिक प्रसन्नता हो रही है। राजिम मेले में पधारे समस्त संतों, विद्वानों और धर्मगुरूओं को मैं प्रणाम करता हूं। यह हमारे लिए गौरव का विषय है कि देश के प्रतिष्ठित आचार्यों, साधु, संतों, महामंडलेश्वर, महात्माओं का आगमन राजिम में हुआ है। संतो के दिखाए मार्ग पर चलने से ज्ञान की प्राप्ति होती है और जीवन में सकारात्मक बदलाव आता है। छत्तीसगढ़ प्रदेश के हृदय स्थल में महानदी, पैरी और सोंढूर नदियों के त्रिवेणी संगम पर स्थित राजिम नगरी, छत्तीसगढ़ के प्रयागराज के रूप में प्रतिष्ठित प्रमुख तीर्थ स्थल है। इस वर्ष 24 फरवरी माघ पूर्णिमा से राजिम कुंभ कल्प मेले का आयोजन छत्तीसगढ़ शासन के पर्यटन, संस्कृति और धर्मस्व विभाग द्वारा किया गया। इस मेले का आज समापन हो रहा है। उन्होंने कहा कि मेले में कलाकारों का संगम, श्रद्धालुओं की असीम आस्था और संतों के आशीर्वाद से राजिम कुंभ मेले ने देश में अपनी विशेष पहचान बनाई है। इस मेले में छत्तीसगढ़ शासन के विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी लगाई गई है जहां शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं से अवगत होकर नागरिक लाभान्वित हो रहे हैं, जो अत्यंत सराहनीय है। मुख्यमंच में राज्यपाल हरिचंदन को 'राजिम कुंभ कल्प लोक आस्था का विराट संगम' पुस्तिका भेंट की गई।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि 5 साल बाद पुनः भारतवर्ष के वासी इस भव्य आयोजन के साक्षी बने है। सभी प्रतीक्षा में थे की राजिम कुंभ का पुनः आयोजन होना चाहिए। उन्होंने इस भव्य कुंभ के आयोजन के लिए मंत्री बृजमोहन अग्रवाल का आभार जताया। उन्होंने कहा कि आज माता शक्ति स्वरूपा का दिन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस और भगवान शिव का दिवस महाशिवरात्रि है। यह ब्रम्हांड के सृजन का दिन है। उन्होंने सभी को राजिम कुंभ कल्प की बधाई देते हुए कहा कि राजिम कुंभ में पहुंच के कृतार्थ हुए।

समापन समारोह में संस्कृति, पर्यटन एवं धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि 5 साल बाद पुनः राजिम कुंभ का भव्य आयोजन हुआ। यह सब साधु संतो के आशीर्वाद से ही संपन्न हुआ। उन्होंने सभी साधु संतो को प्रणाम करते हुए उनका अभिवादन किया। राजिम कुंभ कल्प में देशभर के साधु-संत, महात्मा एवं महामंडलेश्वरों ने शामिल होकर सद्गुणों की अमृतवर्षा की। इससे सभी श्रद्धालुगण कृतार्थ हुए। मंत्री अग्रवाल ने कहा कि पूरे देश में नदियों, पानी को बचाने जुटी साध्वी प्रज्ञा भारती का आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ माता कौशल्या की जन्मभूमि है, प्रभु श्रीराम का वन गमन मार्ग है यह पूरे देश और विश्व को पता लगे इसी उद्देश्य से राजिम कुंभ कल्प का आयोजन किया जा रहा है। मंत्री अग्रवाल ने कहा कि राजिम कुंभ में इस वर्ष 20 लाख से अधिक श्रद्धालुगण शामिल हुए। उनके सहयोग से यह कुंभ संपन्न हुआ। कुंभ में देशभर के साधु संत एवं शंकराचार्य भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रयागराज के बाद मध्य भारत में कोई प्रयागराज है तो वह राजिम है। यहां हजारों साल प्राचीन मंदिर है। ऋषि मुनियों का आश्रम है। राजिम धार्मिक, सांस्कृतिक महत्वों के लिए पूरे देश में विशेष स्थान रखता है।

समापन समारोह में सांसद चुन्नीलाल साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा, राजिम नगर पंचायत के अध्यक्ष रेखा सोनकर, प्रबंध संचालक पर्यटन जितेन्द्र शुक्ला, कलेक्टर दीपक अग्रवाल, एसएसपी अमित तुकाराम कांबले सहित देशभर से आए साधु संत, महा मंडलेश्वर सहित भारी संख्या में आमजन मौजूद थे।

# महाशिवरात्रि पर संगम में डुबकी लगाने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** हल्की गुलाबी ठंड के बीच महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शुक्रवार तड़के सुबह बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने राजिम के त्रिवेणी संगम में डुबकी लगायी और भोलेनाथ की पूजा की। धर्म के प्रति आस्था का भाव गुरूवार की रात से ही देखने को मिल रहा था। भोलेनाथ महादेव जी के प्रति अटूट भक्ति रखने वाले भक्त तड़के 2 बजे से ही राजिम संगम की धार में डुबकी लगाने पहुंच गए थे। महाशिवरात्रि पर इस पुण्य स्नान को काफी महत्वपूर्ण माना जाता है, इसलिए तड़के सुबह से लाखों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुगणों ने पुण्य स्नान कर दीपदान किया। पश्चात दर्शनार्थियों की लम्बी लाईन श्री कुलेश्वर नाथ महादेव मंदिर और श्री राजीव लोचन मंदिर, बाबा गरीब नाथ की ओर लग गई। श्रद्धालुगण भगवान के दर्शन करने लाईन में डटे-रहकर अपनी बारी की इंतजार करते रहे। यह सिलसिला तड़के तीन बजे से जारी रहा। वैसे महाशिवरात्रि पर्व में स्नान के बाद दीपदान करने की परंपरा कई सौ वर्षों पहले से ही चली आ रही है। इस परंपरा और श्रद्धा का पालन आज भी श्रद्धालुओं को करते देखा गया। नदी की धारा में दोने में रखा दीपक की लौ किसी जुगनू की भांति चमकती नजर आई। कई महिलाओं ने रेत का शिवलिंग बना कर बहुत ही श्रद्धा के साथ बेल पत्ता, धतुरा के फूल चढ़ाकर आरती भी की। मान्यता के अनुसार यहां कई भक्तों ने नदी अपने बच्चों का मुंडन संस्कार भी कराया। श्रीकुलेश्वर मंदिर क्षेत्र में जगह-जगह पंडितों का हुजूम भी लगा हुआ था, जहां भगवान श्री सत्यनारायण और शिवजी की कथा भी श्रद्धालुजन करा रहे थे।

### महाशिवरात्रि पर संगम स्नान का है खास महत्व

वैसे तो पर्व व त्यौहार में स्नान का अपना अलग महत्व होता है, लेकिन महाशिवरात्रि पर त्रिवेणी संगम में स्नान करने का खास कारण है। बताया जाता है महाशिवरात्रि में किसी भी प्रहर अगर भोले बाबा की प्रार्थना की जाए, तो मॉ पार्वती और भोलेनाथ सीधे भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करते हैं। भगवान शंकर के शरीर पर शमशान की भस्म गले में सर्पों का हार, कंठ में विष, जटाओं में पावन गंगा तथा माथे में प्रलयंकारी ज्वाला उनकी पहचान है। माना जाता है कि महानदी, सोंढूर, पैरी के संगम में स्नान करने से तन पवित्र तो होते है बल्कि मन की मलिनता दूर हो जाती है। इस दिन संगम की सूखी रेत पर सूखा लहरा लेने की भी परंपरा है। विश्वास है कि भोलेनाथ वेश धारण कर मेले का भ्रमण करते हैं।

# विधिक सेवा प्राधिकरण के स्टॉल में लोगों को मिल रहीं न्यायिक जानकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** राजिम कुंभ कल्प में विधिक सेवा प्राधिकरण का स्टॉल लगाया गया है, जिसमें आने वाले लोगों को न्यायिक जानकारियां दी गई कि लोक अदालत के माध्यम से किस प्रकार शीघ्र एवं सस्ता न्याय मिल सकता है। लोक अदालत में समझौते योग्य प्रकरणों का निराकरण किया जाता है। तहसील एवं जिला न्यायालयों में प्रत्येक माह निर्धारित तिथि में लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। जिसमें देश के सभी न्यायालयों में सभी न्यायालयों में लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है। इसमें बड़ी संख्या में आपसी विवादों को एवं राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण होता है। साथ ही लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन प्रकरणों को भी सुनवाई की जाती है।

राजिम कुंभ में लगाए गए स्टॉल में आने वाले लोक अदालत की जानकारी देते हुए बताया गया कि आम आदमी किस प्रकार से लोक अदालत के माध्यम से शीघ्र और सस्ता न्याय पा सकता है। लोक अदालत में प्रकरण रखवाने हेतु संबंधित न्यायालय में, जहां प्रकरण लंबित है अथवा विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में आवेदन किया जा सकता है। प्री-लिटिगेशन के प्रकरण भी बिना न्याय शुल्क के तैयार कर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण या तालुका विधिक सेवा समिति में प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

विविध सेवा प्राधिकरण के स्टॉल में पॉम्पलेट बांटकर लोगों को मिलने वाले लाभ की जानकारी दी गई है। इसके अलावा विधिक सेवा प्राधिकरण के वालंटियर भी घूम-घूमकर लोक अदालत के बारे में उनके अधिकार तथा शासन द्वारा प्राप्त न्यायिक सुविधाओं की जानकारी देकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं।

# राम नाम का गोदना बनवाकर जगा रहे भक्ति की अलख

- राजिम कुंभ में पहुंचा रामनामी अनुयायी दल
- रामनामी संप्रदाय को मानने वाले लोगों के रोम-रोम में बसते हैं प्रभु श्रीराम

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** पूरे शरीर में राम नाम का गोदना, सिर पर मोरपंख का मुकुट धारण किए और राम नाम लिखा वस्त्र पहनकर रामभक्ति की अलख जगाते रामनामी लोगों में रामभक्ति की अनोखी परंपरा है। ऐसे ही अनुयायियों का दल राजिम कुंभ मेला में पहुंचा है।

सारंगढ़, बिलाईगढ़, जांजगीर-चांपा और बलौदाबाजार जिले से लगभग 18 रामनामी आए हुए हैं, जिसमें तीन महिलाएं और पुरूष शामिल हैं। इनके सिर पर मोर पंख लगा हुआ मुकुट है, जिसके नीचे में राम-राम लिखा हुआ है। कौशल भारतीय ने बताया कि इस पंथ को मानने वाले अपने पूरे शरीर में राम-राम का गोदना बनवाते हैं, लेकिन अब केवल माथे पर ही राम-राम लिखा होता है, जिसे शिरोमणी कहते हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 1975 में इस संस्था का पंजीयन हुआ था। उस समय रामनामी पंथ को मानने वालों की संख्या 27 हजार से अधिक थी, अब यह धीरे-धीरे कम होती जा रही है।

ऐसा माना जाता है कि रामनामी संप्रदाय को मानने वाले लोगों के रोम-रोम में राम बसते हैं। इसीलिए अनुयायियों के पूरे शरीर में रामनाम का गोदना बना होता हैं। उनका कहना है कि प्रत्येक मानव में राम का वास होता है। इसलिए हम उन्हें राम-राम कहकर संबोधित करते हैं और भगवान श्रीराम को याद करते हैं। इस पंथ को मानने वालों में 40 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को ही स्वीकार किया जाता है। इनका पूरा जीवन राम के लिए समर्पित होता है। राम नाम को ही अपने जीवन का एकमात्र आधार मानते हैं और उनके प्रति अपने श्रद्धा-भक्ति से अपने पूरे शरीर में राम नाम का गोदना गुदवाकर प्रकट करते हैं। हर समय ये राम नाम का जाप करते हैं। इनके पांच प्रमुख प्रतीक होते हैं शरीर पर राम नाम, घुंघरू बजाना, मोर पंख से बना मुकुट पहनना, सफेद कपड़ा धारण कर और भजन कीर्तन से वे सृष्टि के कण-कण में राम को देखते हैं।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरी फायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंक रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोनः 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

# गर्दन पर कालापन आए तो हल्के में न लें, हो सकते हैं गंभीर बीमारी के संकेत

कई बार शरीर के किसी हिस्से में काली गहरी लाइनें पड़ जाती हैं। ज्यादातर गर्दन के हिस्से में ये लाइनें देखने को मिलती हैं। महिलाओं की तुलना में पुरुषों में ये ज्यादा देखने को मिलते हैं। इन गहरी काली लाइनों को कितने भी सही तरह से साफ कर लें लेकिन ये साफ नहीं हो पाती हैं। ऐसे में कुछ लोग इन्हें यूं ही छोड़ देते हैं जो आगे चलकर खतरनाक रूप ले सकता है और एक बीमारी का संकेत भी हो सकता है। जिसका नाम अकन्थोसिस निगरिकन्स है। जिसकी वजह से शरीर के कई हिस्सों में पिगमेंटेशन शुरू होने लगते हैं।

### क्या होता है अकन्थोसिस निगरिकन्स

डॉक्टर के मुताबिक, अकन्थोसिस निगरिकन्स एक तरह की पिगमेंटेशन ही हैं जो डायबिटीज के कारण होती है। ऐसे लोग जिन्हें प्रीडायबिटीज की समस्या है, उनमें ज्यादातर की गर्दन पर पिगमेंटेशन नजर आते हैं। इंसुलिन रेजिस्टेंस की वजह से ऐसा होता है। इसमें स्किन पर बड़े-बड़े डार्क पैचिस बनने शुरू हो जाते हैं।

### अकन्थोसिस निगरिकन्स के क्या लक्षण हैं

जब त्वचा के रंग में बदलाव होने लगे तो ये अकन्थोसिस निगरिकन्स के संकेत हो सकते हैं। इसमें शरीर के कई हिस्सों में कालापन आने लगते हैं। त्वचा सख्त होने लगती है, स्किन पर रैशिज की समस्या होने लगती है। शरीर के जो हिस्से इन बीमारी से प्रभावित होते हैं, उनमें बगल, गर्दन, पेट या जांघ के बीच का हिस्सा, कोहनी, घुटने, होंठ, हथेलियां और पैर के तलवें शामिल हैं।

### अकन्थोसिस निगरिकन्स का कारण

- इंसुलिन रेजिस्टेंस ज्यादातर मामलों की वजह से ये समस्या हो सकती है। इसमें शरीर में पर्याप्त मात्रा में इंसुलिन का निर्माण नहीं हो पाता है, जिससे ग्लूकोज लेवल बढ़ता है और डायबिटीज का खतरा बढ़ता है।
- हार्मोनल असंतुलन की वजह से भी ये समस्या हो सकती है। इसकी वजह से अंडाशय में गांठ होना, हाइपोथायराडिज्म या एड्रेनल ग्लैंड में दिक्कतें आ सकती हैं।
- कई तरह की दवाईयां जैसे गर्भनिरोधक गोलियां या अन्य से भी इसका खतरा बढ़ता है।
- लिंफोमा कैंसर की वजह से भी अकन्थोसिस निगरिकन्स हो सकता है। इसके अलावा पेट, कोलन और लिवर कैंसर में भी इस समस्या के होने के रिस्क रहता है।

### अकन्थोसिस निगरिकन्स से कैसे बचें

- इस बीमारी के होने पर सबसे पहले डॉक्टर को दिखाएं और टेस्ट से इसे कंफर्म करें।
- डॉक्टर की बताई दवाईयां टाइम टू टाइम लें।
- प्री डायबिटीज की वजह से ये समस्या है तो डाइट में सुधार और लाइफस्टाइल में बदलाव करें।
- अपना वजन कंट्रोल रखें, क्योंकि इसका एक कारण मोटापा भी है।





# फ्रिज में कई दिनों तक खराब नहीं होंगी सब्जियां, ये है रखने का सबसे सही तरीका

रोज रोज सब्जी मंडी जाकर सब्जी लाने का समय किसी के पास नहीं होता। ऐसे में बहुत से लोग हफ्ते भर की सब्जियां एक साथ ही लें आते हैं। अब सवाल ये उठता है कि इन सब्जियों को लंबे समय तक फ्रेश कैसे रखा जाए? वैसे तो सब्जियों को लंबे समय तक फ्रेश रखने के लिए फ्रिज का इस्तेमाल किया जाता है लेकिन कई बार फ्रिज में सब्जियां रखने के बावजूद भी कुछ सब्जियां खराब हो जाती हैं। इसका कारण सही से सब्जियों को स्टोर न करना होता है।

सब्जियों को अलग अलग तरह से स्टोर करने की जरूरत पड़ती है। कुछ सब्जियां रूम टेंपरेचर में ही फ्रेश रखी जा सकती हैं तो कुछ फ्रिज में रखने से फ्रेश रहती हैं। ऐसे में आइए जानते हैं किस सब्जी को किस तरह स्टोर करके लंबे समय तक फ्रेश रखा जा सकता है।

### पत्तेदार सब्जियों को ऐसे करें स्टोर

पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक, धनिया को स्टोर करने के लिए इन सब्जियों को सीधा फ्रिज में न रखें। फ्रिज में इन सब्जियों को रखने से पहले इन्हें अच्छी तरह से धो लें और सुखा लें। इसके बाद इन सब्जियों को पेपर टॉवल में लपेटकर सील्ड पैक में रखें। इस तरह पैक करने के बाद सब्जियों को आप फ्रिज में रख सकते हैं।

### आलू, प्याज और बाकी सब्जियों को इस तरह करें स्टोर

आलू और प्याज जैसी सब्जियों को 1 से 2 हफ्ते तक बड़ी ही आसानी से स्टोर किया जा सकता है। आलू और प्याज को फ्रिज में स्टोर न करें। इन्हें थोड़ी ठंडी और डार्क जगह पर रखें। वहीं खीरे और टमाटर को पानी में डालकर फ्रिज में स्टोर करें। इस तरह से स्टोर करने पर ये सब्जियां लंबे समय तक फ्रेश रहेगी। गाजर को धोकर और अच्छी तरह से सुखाकर ही फ्रिज में स्टोर करें।



# भोजपुरी अदाकारा मोनालिसा ने स्टायलिश आउटफिट में लगाए ठुमके

भोजपुरी अदाकारा मोनालिसा सोशल मीडिया पर बिजली गिराने के लिए मशहूर हैं। आए दिन एक्ट्रेस अपने सिजलिंग अवतार से फेंस के दिलों की धड़कन तेज करती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर एक सेक्सी वीडियो शेयर किया है, जिसे देखने के बाद आपका दिल धक-धक करने लग जाएगा। मोनालिसा ने स्टायलिश आउटफिट पहना है, लाइट मेकअप के साथ बाल खुले छोड़े हैं और कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक सेक्सी ठुमके लगा रही हैं। एक्ट्रेस का डांस के लिए पैशन देख फैंस दीवाने हो गए है और तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।

भोजपुरी अदाकारा मोनालिसा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपने फैंस के साथ तस्वीरें और वीडियोज शेयर करती रहती हैं। बताते चलें कि भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा ने सलमान खान के शो बिग बॉस में धमाल मचाया था। इस शो की वजह से ही मोनालिसा घर-घर में फेमस हो गई थीं। वैसे तो यूपी-बिहार में मोनालिसा की फैन फॉलोइंग पहले से ही तगड़ी थी। लेकिन टीवी इंडस्ट्री में कदम रखने के बाद मोनालिसा को अब हर कोई जानता है।

### तमन्ना भाटिया ने फैंस को दिया तोहफा, ओडेला 2 से दिखाई अपनी पहली झलक

एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने महाशिवरात्रि के खास मौके पर फैंस को सरप्राइज दिया है। एक्ट्रेस ने अपनी आगामी फिल्म ओडेला 2 का पहला पोस्टर शेयर किया है। बता दें कि ये साउथ की सुपरहिट फिल्म ओडेला का रीमेक है, जो पिछले साल रिलीज हुई थी। इस फिल्म को दर्शकों की तरफ से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था।

वहीं इस पोस्टर में तमन्ना शिव की भक्ति में भी लीन नजर आ रही हैं। माथे पर चंदन, हाथ में डमरू और भगवा वस्त्र पहने एक्ट्रेस का अवतार काफी दमदार नजर आ रहा है। वहीं इसे शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा कि मुझे महा शिवरात्रि के इस शुभ दिन पर अपनी फिल्म के फर्स्ट लुक पोस्टर की झलक साझा करते हुए बेहद खुशी हो रही है। हर हर महादेव! शुभ महा शिवरात्रि। उनका ये लुक खूब वायरल हो रहा है। फैंस को एक्ट्रेस का इस गेटअप में देखकर बेहद खुश नजर आ रहे हैं। फिल्म के पोस्टर पर कमेंट्स की बाढ़ आ गई है। हर कोई एक्ट्रेस के इस अवतार की जमकर तारीफ कर रहा है।

# कल्कि 2898 एडी से प्रभास की नई झलक आई सामने, 9 मई को दर्शकों के बीच आएगी फिल्म

नाग अश्विन के निर्देशन में बन रही फिल्म कल्कि 2898 एडी पिछले लंबे वक्त चर्चा में हैं। प्रभास, दीपिका पादुकोण और अमिताभ बच्चन जैसे सितारों से सजी फिल्म यह इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्म में से एक है।दिग्गज अभिनेता कमल हासन भी इस फिल्म का हिस्सा होंगे। अब महा शिवरात्रि के खास मौके पर निर्माताओं ने कल्कि 2898 एडी का नया पोस्टटर साझा किया है, जिसमें प्रभास का धांसू अवतार देखने को मिल रहा है।

कल्कि 2898 एडी एक पौराणिक साइंस फिक्शन फिल्म है, जिसे 600 करोड़ रुपये की लागत में बनाया गया है। फिल्म में प्रभास का किरदार भगवान विष्णु के 10वें अवतार कल्कि से प्रेरित है। पोस्टर साझा कर निर्माताओं ने दर्शकों को प्रभास के किरदार से मुलाकात करवाई है। फिल्म में उनका नाम भैरवा होगा। उन्होंने लिखा, काशी की भविष्य की गलियों से, भैरवा से मिलिए। भैरव के रूप में प्रभास का लुक स्टाइल, रॉयल्टी और तीव्रता को दर्शाता है, जिसमें अभिनेता चश्मा और पोनीटेल पहने हुए हैं। इस स्टाइलिश उपस्थिति ने फिल्म के प्रति प्रत्याशा को और बढ़ा दिया है।



प्रभास के अलावा, फिल्म में दिग्गज कमल हासन और अमिताभ बच्चन भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं, जो परियोजना की स्टार पावर को बढ़ाते हैं। दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी को मुख्य महिला भूमिका में लिया गया है, जिससे समूह में ग्लैमर और प्रतिभा जुड़ गई है। फिल्म का संगीत संतोष नारायणन द्वारा तैयार किया गया है, जो एक मनोरम और गहन संगीत अनुभव का वादा करता है।

कल्कि 2898 एडी 9 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।

# डेंटिस्ट की पढ़ाई के बाद एक्टिंग को चुना करियर

## शैतान से जानकी बोदीवाला का बॉलीवुड डेब्यू

अजय देवगन की फिल्म शैतान से जानकी बोदीवाला ने बॉलीवुड डेब्यू कर लिया है। जानकी बोदीवाला बॉलीवुड में डेब्यू से पहले गुजराती सिनेमा का जाना-माना नाम है। शैतान गुजराती फिल्म वश का रीमेक है। वश में जानकी बोदीवाला ने यही किरदार निभाया था, जो वह शैतान में निभा रही हैं। अजय देवगन, आर माधवन और ज्योतिका स्टारर मच अवेटिड शैतान शुक्रवार, 8 मार्च को सिनेमाघरों में आ गई है। 7 मार्च को फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग मुंबई में हुई, जिसमें फिल्म की स्टारकास्ट के साथ बॉलीवुड के कई सितारों ने भी हिस्सा लिया। फिल्म की स्क्रीनिंग में अजय देवगन की बेटी का किरदार निभा रही जानकी बोदीवाला भी पिंक कलर की शॉर्ट ड्रेस में पहुंची। इस फिल्म के साथ गुजराती एक्ट्रेस जानकी बोदीवाली ने भी बॉलीवुड में अपना पहला कदम रखा है।

शैतान की स्पेशल स्क्रीनिंग में जानकी बोदीवाला पिंक कलर की ग्लैमरस ड्रेस पहनकर पहुंची थीं। इस ड्रेस में वह बेहद खूबसूरत लग रही थीं और उन्होंने पैपराजी को भी खूब पोज दिए। जानकी ने इस पिंक ड्रेस के साथ ब्लैक हाई हील्स पहनी थी। उन्होंने अपने बालों को खुला रखा हुआ था और लाइट मेकअप में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। बता दें कि शैतान गुजराती फिल्म वश का रीमेक है। वश में जानकी बोदीवाला ने यही किरदार निभाया था, जो वह शैतान में निभा रही हैं।

30 अक्टूबर 1995 को अहमदाबाद, गुजरात में जन्मी जानकी बोदीवाला एक शानदार एक्ट्रेस हैं। उन्हें गुजराती सिनेमा में छेलो दिवस: ए न्यू बिगिनिंग (2015), दौड़ पकड़ और वश (2023) जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है।

जानकी बोदीवाला ने अपनी स्कूली पढ़ाई के बाद गांधीनगर के गोयंका रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंस में एडमिशन लिया। यहां उन्होंने बेचलर ऑफ डेंटल साइंस (BDS) की पढ़ाई शुरू की। ग्रेजुएशन के बाद जानकी ने अपने एक्टिंग के पैशन को फॉलो किया।

उन्होंने डेंटिस्ट में अपना करियर बनाने की बजाय एक्टिंग को अपने करियर के रूप में चुना। उन्होंने 2019 में मिस इंडिया ब्यूटी पेजेंट में हिस्सा लिया। वह गुजरात की टॉप 3 फाइनलिस्ट में से एक रहीं।




दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
Paul Sir
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### भाजपा भिलाई जिला अध्यक्ष वर्मा ने की कार्यकारिणी घोषित, प्रेमलाल साहू व बिजेन्द्र सिंह बनाए गए महामंत्री



**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरण देव एवम प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय जी की सहमति से जिला अध्यक्ष महेश वर्मा ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमे विजेंद्र सिंह एवं प्रेमलाल साहू महामंत्री बनाए गए। उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह, मिथिला खिचरिया, रेखा राम बंछोर, मनीष साहू, सुनील साहू, राम उपकार तिवारी, पुरुषोत्तम देवांगन को बनाया गया वही कोष की जिम्मेदारी कोषाध्यक्ष विनोद सिंह एवं सह कोषाध्यक्ष कन्हैया सोनी को दी गई। मंत्री विजय जायसवाल, संतोष मौर्या, दिलीप पटेल उपासना साहू कीर्ति नायर के गणपति, गुरजीत सिंह को बनाया गया। जिला अध्यक्ष महेश वर्मा ने कार्यकारिणी की घोषणा के बाद कहा कि आप सभी की ताकत से हम 2024 में दुर्ग लोकसभा से एक ऐतिहासिक जीत हासिल करेंगे आप सभी पार्टी के गाइडलाइन मैं चलकर पार्टी के काम को लगातार आगे बढ़ाएंगे यही कामना करता हूं। उपयुक्त जानकारी मीडिया सह प्रभारी रणजीत सिंह ठाकुर द्वारा दी गई।

### पोषण पखवाड़ा आज से : पोषण जागरूकता के लिए आयोजित होंगी कई गतिविधियां

**रायपुर।** कुपोषण और एनीमिया के स्तर में कमी लाने के उद्देश्य से आगामी 09 मार्च से 23 मार्च तक प्रदेश में पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जन समुदाय तक स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता संबंधी जानकारी का प्रचार कर व्यवहार परिवर्तन का प्रयास किया जाएगा। पोषण पखवाड़ा के तहत इस वर्ष मुख्यत: तीन थीम पर आधारित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इनमें पोषण भी पढ़ाई भी थीम के तहत आंगनबाड़ी केन्द्र में शिक्षा चौपाल का आयोजन और विशेष रूप से ईसीसीई लर्निंग कॉर्नर को बढ़ावा दिया जाएगा। दूसरी थीम के तहत जनजाति, पारंपरिक, क्षेत्रीय और स्थानीय आहार प्रथाओं पर पोषण के प्रति संवेदनशीलता पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा। तीसरी थीम गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य और शिशु एवं छोटे बच्चे के आहार संबंधी व्यवहार पर केन्द्रित है। पोषण पखवाड़ा को स्वास्थ्य, पंचायत, शिक्षा जैसे कई विभागों के सहयोग से परिणाम मूलक बनाया जाएगा। स्वास्थ्य एवं देखभाल संबंधी उचित आदतों के विकास एवं सुधार के संबन्ध में प्रदर्शन करते हुए लोगों को जागरूक किया जाएगा।

### महतारी वंदन सम्मेलन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी नें जिले में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2024 के उपलक्ष में 10 मार्च को जिला मुख्यालय में आयोजित महतारी वंदन सम्मेलन ( जिला स्तरीय कार्यक्रम ) के सफ्ल संचालन हेतु जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसी प्रकार संबंधित नगर निगम हेतु आयुक्त नगर निगम को और जनपंद क्षेत्र हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नोडल अधिकारी बनाये गये है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 10 मार्च को जिला स्तरीय महतारी वंदन सम्मलेन का आयोजन विवेकानंद हॉल दुर्ग में किया जाएगा। इसी प्रकार भिलाई-01 में अम्बेडकर भवन , भिलाई-2 में नगर पालिक परिषद चरौदा, नगर पालिक निगम रिसाली में डोम शेड दशहरा मैदान रिसाली, पाटन/जामगांव एम में सामुदायिक भवन अटारी/पाटन एवं धमधा/अहिवारा में सर्व समाज मांगलिक भवन में महतारी वंदन सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

# मोदी की गारंटी के अनुरूप प्रदेश के किसानों और माताओं को जल्द मिलेगी राशि : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम कुरूवा में आयोजित साहू समाज सामाजिक सम्मेलन, भूमिपूजन व लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पहुंचने पर साहू समाज के पदाधिकारियों ने गौ-पालक एवं गौ-रक्षक के विशेष परिधान और खुमरी पहनाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जिले में 118 करोड़ 24 लाख 16 हजार रूपए की लागत के 154 विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया।**



मुख्यमंत्री साय ने कार्यक्रम में मछली पालन और उद्यान विभाग की हितग्राही मूलक योजना अंतर्गत 1 करोड़ 50 लाख 30 हजार रूपए की सामग्री और हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड का वितरण किया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सासंद संतोष पांडेय, पंडरिया विधायक भावना बोहरा, पूर्व संसदीय सचिव डॉ सिया राम साहू, पूर्व विधायक अशोक साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला रामकुमार भट्ट, कलेक्टर जनमेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव सहित समाज प्रमुख उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ग्राम कुरुवा में आयोजित साहू समाज सामाजिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी में आप लोगों ने विश्वास किया है और जो वादा किया है उसे पूरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंत्रीमंडल के गठन हुए ढाई महीना हुआ है और इतने कम समय में मोदी के गारंटी को पूरा भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश में 18 लाख परिवार को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृत दी। हमारी सरकार ने छत्तीसगढ़ के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी के जन्मदिन सुशासन दिवस पर 02 वर्ष के बकाया धान के बोनस की राशि 3 हजार 716 करोड़ रूपए 12 लाख से अधिक किसानों के खाते में हस्तांरित की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खरीफविपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर किसानों से प्रति एकड़ अधिकतम 21 क्विंटल के मान से 145 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की है। इस वर्ष 24 लाख 72 हजार किसानों ने धान को समर्थन मूल्य में बेचा है। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य की राशि किसानों के खाते में चली गई है और अब अंतर की 970 रुपए प्रति क्विंटल की राशि जल्द दी जाएगी, 24 लाख 72 हजार किसानों खाते में 13 हजार करोड़ की राशि का हस्तांतरण करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि महतारी वंदन योजना के तहत 10 मार्च को 70 लाख 14 हजार महिलाओं के खाते में राशि अंतरित की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी वादों को मोदी की गारंटी में पूरा किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री के आगमन के लिए जिलेवासियों के तरफसे अभिनन्दन और स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हमारे क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहे हैं और उन्हीं के कारणों से आज 118 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन हुआ है। सामाजिक सम्मेलन को सासंद संतोष पांडेय, पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, पूर्व विधायक अशोक साहू सहित समाज के पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया।

### मुख्यमंत्री ने माता कर्मा की पूजा-अर्चना की

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महाशिवरात्री के पावन अवसर पर आज कबीरधाम जिले के ग्राम कुरुवा में आयोजित साहू समाज सामाजिक सम्मेलन कार्यक्रम में पहुंचने पर सर्वप्रथम कर्मा मैदान परिसर में स्थापित माता कर्मा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। उन्होंने माता कर्मा का आशीर्वाद लेकर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी की पहल

## शहर के मैदानों में 3.67 करोड़ की लागत से तैयार होगी खेल सुविधाएं

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** रायगढ़ के खिलाडि़यों और खेल प्रेमियों के लिए अच्छी खबर है। वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी की पहल से शहर के विभिन्न खेल मैदानों को संवारने और बेहतर खेल सुविधाएं मुहैय्या कराने के उद्देश्य से 3.67 करोड़ की लागत से खेल अधोसंरचना तैयार होने जा रही है। रायगढ़ शहर में पहली बार युवाओं के रुचि को ध्यान में रखते हुए आधुनिक बॉक्स क्रिकेट कोर्ट बनाए जायेंगे। रायगढ़ शहर के 8 मैदान एवं नगर पंचायत पुसौर के 01 मैदान सहित कुल 9 स्थानों में यह बॉक्स क्रिकेट कोर्ट तैयार किया जाएगा। जिसमें रात में भी खिलाडि़यों के प्रेक्टिस करने के लिए लाईट के साथ सॉफ्टवेयर बेस्ड स्पॉट बुकिंग की सुविधा होगी। इसी तरह 10 जगहों पर बैडमिंटन कोर्ट भी बनाए जाएंगे।

जिसमें प्रमुख रूप से शहर के संजय मैदान रामभांठा, रामलीला मैदान, शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम, पॉलीटेक्निक कॉलेज मैदान, रायगढ़ स्टेडियम बोइरदादार, नटवर स्कूल मैदान जैसे स्थान शामिल हैं। इसके साथ ही विभिन्न खेल मैदानों में बाउंड्रीवाल भी तैयार किए जायेंगे। इसके लिए प्रस्ताव को स्वीकृति मिल चुकी। डीएमएफ मद से उक्त कार्य करवाए जायेंगे। वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने गत दिवस रायगढ़ प्रवास के दौरान इन खेल अधोसंरचनाओं के निर्माण की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल को निर्देश देते हुए कहा कि निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर तत्काल कार्य प्रारंभ कराया जाए। जिससे शहर के खिलाडि़यों और खेल प्रेमियों को इन सभी सुविधाओं का लाभ जल्द मिल सके। स्वीकृत कार्यों में संजय मैदान रायगढ़ में 49.80 लाख रूपये की लागत से बाउण्ड्रीवाल फेसिंग लाईट आदि निर्माण कार्य, संजय मैदान रायगढ़ में 8.71 लाख रुपये की लागत से बैंडमिटन कोर्ट तथा 20.33 लाख रुपये की लागत से बॉक्स क्रिकेट कोर्ट का निर्माण कार्य किया जाएगा। इसी प्रकार शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम रायगढ़ में 8.71 लाख रुपये की लागत से बैंडमिटन कोर्ट तथा 20.33 लाख रुपये की लागत से बॉक्स क्रिकेट कोर्ट का निर्माण कार्य किया जाएगा। इसी तरह रामलीला मैदान रायगढ़ में 8.71 लाख रुपये की लागत से बैंडमिटन कोर्ट तथा 20.33 लाख रुपये की लागत से बॉक्स क्रिकेट कोर्ट का निर्माण कार्य, पालीटेक्निक कालेज मैदान में 8.71 लाख रुपये की लागत से बैंडमिटन कोर्ट तथा 20.33 लाख रुपये की लागत से बॉक्स क्रिकेट कोर्ट का निर्माण कार्य, नगर पंचायत पुसौर में 8.71 लाख रुपये की लागत से बैंडमिटन कोर्ट तथा 20.33 लाख रुपये की लागत से बॉक्स क्रिकेट, एलईडी लाईट सहित निर्माण कार्य शामिल है।

## महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर उमड़ा जन सैलाब

श्रीकंचनपथ न्यूज



**गरियाबंद।** फरवरी माघ पूर्णिमा से शुरू हुए राजिम कुंभ कल्प मेला के अंतिम दिन शुक्रवार को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं-दर्शनार्थियों की भीड़ जुटी। पूरे मेला क्षेत्र के चारों तरफ दर्शनार्थियों की रेलमपेल भीड़ रही। श्रद्धालु ब्रम्ह मुर्हुम में पुण्य स्नान कर नदी में दीपदान प्रवाहित किया। पश्चात श्री राजीव लोचन एवं श्री कुलेश्वरनाथ महादेव, बाबा गरीबनाथ के दर्शन करने पहुंचे।

दर्शन के बाद श्रद्धालु मेला क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में परिवार, मित्रों के साथ घूमते हुए दिखाई दिए। मसलन संत समागम स्थल, झांकियां, विभिन्न स्टॉलों, शासकीय प्रदर्शनी, मीना बाजार आदि स्थानों में श्रद्धालु की भीड़ ही दिखाई दी। यह भीड़ गुरूवार की रात से जुटती गई, जो शुक्रवार महाशिवरात्रि की देर रात तक रही। दुकानदारों के लिए भी महाशिवरात्रि के दिन बहुत ही अच्छा साबित हुआ। मेला में सजी सभी दुकानों में खरीददारों की भीड़ नजर आयी। खासतौर से झुला, मौत कुंआ, भेलपुरी, चार्ट कार्नर, आईसक्रीम, गन्ना रस, क्राप्ट, दुकान जैसे रोड किनारे लगी सभी दुकाने भारी भीड़ रही। मेले का मुख्य आकर्षण दिन में मीना बाजार और शाम में महोत्सव स्थल में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम बना था। संत समागम स्थल में बड़े-बड़े पंडाल बनाये गये है, संत समागम स्थल के ठीक बाजु में नागा बाबाओं का कैम्पस बनाया गया है यहां धुनि रमाय दर्जनों साधु संत उपस्थित है, जिनका भी दर्शन कर श्रद्धालुओं ने आशीर्वाद प्राप्त किया। शासन द्वारा राजिम कुंभ को पर्यटन स्थल को और भव्य बनाने के लिए अनेक प्रयोग किए गए है वहीं लोमष ऋषि आश्रम के सामने पर्वत आकृति पर त्रिगौमुखी का आकर्षक दृष्य बना रहा है, इसी तरह मुख्य मंच के पास भगवान श्री राम की मूर्ति में लोग सेल्फी लेते दिखाई दिए। शासन की योजनाओं की जानकरी देने लगे स्टॉलों में भी भारी भीड़ रही।

लोग अपने परिवार के साथ मेले का मजा लेने पहुंचे हुए थे। रेत पर चल रहे खेल तमाशें करतब ने लोगों को खूब आकर्षित किया। विभिन्न जिलों से पहुंचे श्रद्धालु राजिम कुंभ में आकर अपने आपको धन्य समझा और एहसास किया कि हम हरिद्वारा व काशी जैसे पावन तीर्थ स्थल पर का आभास हो रहा है।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का हुआ आयोजन

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम बरगा के बड़ौदा आरसेटी में नाबार्ड द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरूचि सिंह शामिल हुई। सीईओ जिला पंचायत सुरूचि सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं कदम से कदम मिलाकर हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। महिलाएं हर असंभव कार्य को संभव बना सकती है। आर्थिक गतिविधियों से जुड़कर अपने परिवार को सहयोग भी दे रही हैं। सहायक संचालक शिक्षा विभाग श्रीमती संगीता राव ने कहा कि महिलाएं भी राष्ट्र के विकास में अपना योगदान दे रहीं है। जिसके लिए उन्हें और अधिक प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम को लीड बैंक प्रबंधक सर्वेन्द्र मलिक एवं विभिन्न ब्रांच के महिला शाखा प्रबंधकों ने भी संबोधित किया।

## महाशिवरात्रि पर मंच निर्माण के लिए विधायक गजेंद्र ने किया भूमिपूजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर दुर्ग वासियो को विकास कार्य की सौगात मिली। विधायक गजेंद्र यादव की पहली निधि से 30 स्थान पर मंच निर्माण के लिए भूमिपूजन हुआ।

गली मोहल्ले में होने वाले सामाजिक, सांस्कृतिक आयोजन के लिए उपयुक्त मंच मिलेगा। राजीव नगर के भूमिपूजन में महापौर धीरज बाकलीवाल भी शामिल हुए और बधाई देते हुए कहा की शिवशंकर की कृपा दुर्गवासियों पर बनी रहे और हमारा शहर विकास के पथ पर बढ़ता रहे।

विधायक गजेंद्र यादव ने कहा कि जनता से मिलकर वार्ड में जो भी मूलभूत समस्याएं है उसकी जानकारी लेकर निराकरण हेतु कार्ययोजना बनाई जा रही है। वार्ड भ्रमण के दौरान नागरिकों ने वार्ड में होने वाले धार्मिक, सामाजिक आयोजन के लिए मंच की मांग किये थे जिसके लिए शासन से स्वीकृति मिलने के बाद आज महाशिवरात्रि के शुभ अवसर भगवान भोलेनाथ का पूजन कर आशीर्वाद लिया और विकास कार्य की नींव रखने वार्ड के पार्षद एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थित में भूमिपूजन किया गया। उन्होंने कहा की विधानसभा चुनाव के दौरान किये गए वादों को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रहे है, विकास कार्य के लिए स्वीकृति दिलाने पर उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का दुर्गवासियों की ओर से आभार जताया है।

आज 8 मार्च का दिन महिलाओ के मान सम्मान बढ़ाने का दिन है ताकि देश और दुनिया की महिलाएं खुद को कमजोर नहीं माने और पुरुष वर्ग की बराबरी करके आगे बढ़ें। आज की शिक्षित महिलाएं घर परिवार की जिम्मेदारी पूरी नौकरी कर परिवार को आर्थिक रूप से भी मजबूत कर रहे है।

## 30 बरस के राजनीतिक जीवन में अनेक लोगों का इलाज कराया, जो आनंद इस काम में वो कहीं नहीं

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव जी की जयंती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री निवास में छत्तीसगढ़ सीमेंट ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री अंजय शुक्ला ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को एसोसिएशन की ओर से एंबुलेंस की चाबी भेंट की । इस मौके पर मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय जूदेव से जुड़ी पुरानी यादों को साझा किया। उन्होंने बताया कि स्वर्गीय जूदेव से मैंने विनम्रता सीखी है। कार्यकर्ताओं के प्रति अपनापन सीखा है। उनके भीतर गहरा सेवा भाव था। मुझे भी यह सेवा भाव बहुत भाता है।

मरीजों के प्रति सेवा भाव में जो आनंद है। वह और किसी चीज में नहीं है। अपने 30 बरस के राजनीतिक जीवन में मैंने अनेक लोगों का इलाज कराया। यह मेरा सबसे बड़ा संतोष है। उन्होंने बताया कि राज्य मंत्री के रूप में एक ही बरस में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी से आग्रह कर प्रधानमंत्री राहत कोष से 12 करोड रुपए की राशि से मरीजों का इलाज कराया। डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्रित्वकाल में हर दूसरे तीसरे दिन उन्हें किसी मरीज के इलाज के लिए पत्र लिखता था। वे कहते थे कि सबसे ज्यादा मरीजों के इलाज के लिए पत्र आपके पास से आते हैं। वे हमेशा मेरा आग्रह स्वीकार करते थे और मरीजों की इलाज के लिए तत्काल कार्रवाई कराते थे।

मुख्यमंत्री साय ने स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव जी की जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री ने जूदेव का स्मरण करते हुए कहा कि जूदेव मेरे राजनीतिक गुरु रहे और आज मैं जिस मुकाम पर हूँ वहाँ पहुंचने पर उनका बहुत बड़ा योगदान रहा है। उनसे मैंने राजनीति सीखी, विनम्रता सीखी, कार्यकर्ताओं से किस तरह व्यवहार करना चाहिए सब सीखा। मैं आप सभी एसोसिएशन के सदस्यों को धन्यवाद देना चाहता हूँ कि आप सभी ने मरीजों की सेवा के लिए एम्बुलेंस भेंट किया है। मुख्यमंत्री ने कुनकुरी में सड़क दुर्घटना का शिकार हुए एक ट्रक ड्राइवर का किस्सा सुनाते हुए बताया कि दुर्घटना से ठीक होने के पश्चात ड्राइवर ट्यूमर से ग्रसित हो गया। ट्यूमर इतना बड़ा था कि ड्राइवर को ट्रक चलाने में भी परेशानी होने लगी और छिपाने के लिए हमेशा एक चादर ओढ़े रहता था।जब मुझे इस बात कि जानकारी हुई तो मैं उसे लेकर दिल्ली एम्स गया।

वहाँ डॉक्टर्स की टीम ने 16 किलोग्राम का ट्यूमर उस ड्राइवर के शरीर से काटकर अलग किया और उन्होंने बताया कि यह अपने तरह का पहला ऐसा मामला था। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तो मुझे भी यह याद नहीं कि कितने लोगों का मैंने ईलाज करवाने में सहायता की। मुख्यमंत्री ने एसोसिएशन के सदस्यों का धन्यवाद देते हुए कहा कि एम्बुलेंस भेंट करने का यह एक सराहनीय प्रयास है और बहुत ही अच्छा काम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं। उनकी सोच है कि हम देश को फिर से विश्व गुरु बनाएं, फिर से यह देश सोने की चिड़िया कहलाये और विकसित भारत की हमारी परिकल्पना साकार हो। इस दिशा में उनका प्रयास सार्थक भी हो रहा है। 2014 से पहले हमारे देश की इकोनॉमी 11 वें स्थान पर थी इन 10 वर्षों में 5 वें स्थान पर आ गयी और आगे 5 वर्षों में तीसरे स्थान पर होंगी। विकसित भारत की ज़ब बात करते हैं तो हमें विकसित छत्तीसगढ़ की बात करनी होगी और विकसित छत्तीसगढ़ की बात करते हैं तो उनमें आप सबका योगदान जरूरी है। चाहे वह प्रत्येक छत्तीसगढ़वासी हो चाहे उद्योगपति हो आप सभी का योगदान आवश्यक है। विकसित छत्तीसगढ़ बनाने पर ही मोदी जी के विकसित भारत का सपना पूरा होगा।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर



### तेज रफ्तार कार ने डाक्टर दंपती और बेटे को रौंदा, डिनर के बाद निकले थे टहलने

**रायपुर ( ए )।** वाक पर निकले डाक्टर दंपती और बेटे को एक तेज रफ्तार अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना तेलीबांधा थाना क्षेत्र के श्याम नगर की है। हादसे के बाद आरोपित कार को घटनास्थल पर ही छोड़कर फरार हो गए।

पुलिस ने बताया कि श्याम नगर निवासी डॉ. अनीश मेमन और उनकी पत्नी शबाना मेमन अपने 14 वर्षीय बेटे हसनेन मेमन के साथ बुधवार की रात साढ़े 11 बजे खाना खाने के बाद वाक पर निकले थे। तीनों सड़क किनारे टहल रहे थे। इसी दौरान एक वर्ना कार तेज रफ्तार में पहुंची और तीनों को अपनी चपेट में ले लिया। कार में तीन युवक सवार थे। बताया जा रहा है कि तीनों शराब के नशे में थे। चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए तीनों को अपनी चपेट में ले लिया। इसके अलावा उसने दो जगह और टक्कर मारी। घटनास्थल पर अन्य लोगों के पहुंचने पर आरोपित कार छोड़कर फरार हो गए।

### पेड़ की डाली टूटकर सिर पर गिरी युवक की मौत

**बालोद ( ए )।** ग्राम नाहंदा में पेड़ की शाखा टूटकर धरम सिंह धनकर (40) के सिर में गिर गई। जिससे उनकी मौत हो गई। पेड़ के गोले को माजदा गाड़ी में लोड करने के दौरान ट्रैक्टर को चलाने से यह हादसा हुआ। इस घटना में ट्रैक्टर चालक की लापरवाही सामने आई है। इस वजह से गुरुवार को गुंडरदेही थाने में ट्रैक्टर चालक के खिलाफ धारा 304-ए के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार बुधवार को धरम सिंह धनकर अपने दोस्त दुखहरण सोनकर, कौशल धनकर एवं धनेश यादव के साथ लकड़ी ठेकदार किशोर कुमार साहू के कहने पर बबलू उर्फ किशोर देशलहरे के कन्हार खार स्थित खेत में बबूल पेड़ को काटने गए थे। कटाई के बाद पेड़ के गोले को माजदा गाड़ी में लोड करने के लिए डोर से बांधकर पेड़ का सहारा लेकर टोचन कर रहा था। इस दौरान चालक ने ट्रैक्टर को चालू कर दिया। जिससे पेड़ की शाखा (डाली) टूटकर धरम के सिर में गिर गई। इलाज कराने के लिए धरम को बोलेरो वाहन से शासकीय अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित किया।

### कागज को केमिकल में डाला, बाल्टी से नोट निकाला

# रायपुर के युवक को डेमो दिखाया, रुपए चार गुना करने का लालच देकर ठगी, 2 गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** रायपुर के एक युवक को जादुई करतब देखना महंगा पड़ गया। दरअसल, ललित साहू नाम को युवक को किसी ने बताया कि बागबाहरा में कुछ लोग पैसे को चार गुना कर रहे हैं। लालच में पड़कर वो अपने दोस्तों के साथ कार से बागबाहरा गया। यहां उसे दो लोग मिले, जिन्होंने कागज को केमिकल भरी बाल्टी में डुबाकर पैसे बनाने का ढोंग किया। ललित उनके झांसे में आ गया।



ललित साहू ने रायपुर के माना थाने में एफआईआर दर्ज करवाई है। उसने बताया कि 1 अक्टूबर को अपने 4 दोस्तों के साथ परिचित के कहने पर बागबाहरा गया था। रेलवे स्टेशन के पास पहुंचे तो वहां उन्हें त्रिलोचन राउत और आजब राव नाम के दो व्यक्ति मिले। पैसा चार गुना करने के झांसे में आकर उसने इन लोगों को 1 लाख 63 हजार रुपए दे दिए।

इसके बाद त्रिलोचन और आजब ने काले रंग के केमिकल में कागज को डुबाया। उन्होंने हाथ की सफाई से बाल्टी से नोट निकाल कर दिखा दिया। इससे ललित को भरोसा हो गया। उसने अपने पैसों को भी 4 गुना करवाने के लिए उन्हें 5 हजार रुपए तत्काल दे दिए।

#### मैजिकल केमिकल खरीदने के बहाने मांगे रुपए

इस घटना के 2 दिन बाद एक जालसाज ने ललित साहू को फोन कर मैजिकल केमिकल खरीदने के बहाने रुपयों की मांग की। उसने कहा कि वो इसे ओडिशा से खरीदकर लाएगा। इसके बाद ललित ने उसे 50 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। ठग ने और रुपए मांगे तो ललित ने उसे अलग-अलग किस्तों में कुल 1 लाख 63 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए।

इस मामले में माना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। ये दोनों ठग त्रिलोचन राउत और आजब राव है। वे ठगी के इस पैटर्न से कई लोगों को अपना शिकार बना चुके हैं। पुलिस इन दोनों से पूछताछ कर जांच कर रही है।

## चलती ट्रक में लगी आग, ड्राइवर और हेल्पर ने गाड़ी से कूदकर जान बचाई

**कवर्धा ( ए )।** रायपुर-जबलपुर नेशनल हाइवे- 30 पर ग्राम पनेका के पास गुरुवार रात एक चलते ट्रक में आग लग गई। आग की लपटों से घिरे ट्रक को ड्राइवर खाली जगह तक चलाते हुए ले गया। फिर ड्राइवर और कंडक्टर दोनों ने गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। इधर आग लगे ट्रक को देखकर लोग घबरा गए। उन्होंने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को घटना की सूचना दी।

मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने ट्रक में लगी आग पर काबू पाया। मामला दशरंगपुर पुलिस चौकी इलाके का है। जानकारी के मुताबिक ट्रक क्रमांक- यूपी 90 टी 7426 रायपुर से कांच लोड कर फरीदाबाद (उत्तर प्रदेश) जा रहा था। इसी दौरान ग्राम पनेका के पास चलते ट्रक में शॉर्ट सर्किट के चलते आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि ड्राइवर को इसका पता भी नहीं चला।

दमकलकर्मियों ने आग पर पाया काबू: ट्रक में आग लगने से टायर फट रहा था, इसलिए किसी ने पास जाने की हिम्मत नहीं की। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड



और पुलिस मौके पर पहुंची। जब तक दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया, तब तक ट्रक जलकर खाक हो गया था। हालांकि आग पर किसी तरह से काबू पाया गया। कोई जनहानि नहीं हुई।

ट्रक को 200 मीटर दूर खाली जगह पर ले गए जब टायर तक आग पहुंच गई, तो उसमें ब्लास्ट हो गया। तब जाकर ड्राइवर और कंडक्टर को आग लगने का पता चल सका। जहां टायर में ब्लास्ट हुआ, वो रिहायशी इलाका था। ऐसे में ड्राइवर ने सूझबूझ दिखाते हुए ट्रक को करीब 200 मीटर दूर खाली जगह पर ले जाकर खड़े कर दिया और जान बचाने के लिए खुद उतर दूर चले गए।


## रायपुर पुलिस कालोनी में आरक्षक की पत्नी की हत्या मामले में मिले अहम सुराग

**रायपुर ( ए )।** राजधानी रायपुर के विधानसभा थाना क्षेत्र स्थित पुलिस कालोनी में आरक्षक की पत्नी की गला रेतकर हत्या के मामले में दो दिन में अहम सुराग पुलिस के हाथ लगे हैं। पुलिस ने कुछ संदेहियों के अलावा मृतका जाली सिंह के स्वजनों से शुक्रवार को पांच घंटे से ज्यादा पूछताछ की है। मृतका के माता-पिता के अलावा पति और ससुराल पक्ष से जुड़े लोगों से अलग-अलग लंबी पूछताछ की गई है। पूछताछ में अहम जानकारी पुलिस के हाथ लगी है।

पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपी पकड़ा जाएगा। हत्या पूरी प्लानिंग के तहत की गई है। बचने के सारे रास्ते भी आरोपियों ने तैयार कर रखे थे। पुलिस के अनुसार जाली के माता-पिता ने पूछताछ में साजिश के तहत बेटी की हत्या करने का आरोप लगाया है।

#### हत्याकांड में पति से घंटों पूछताछ

वहीं पति शिशुपाल सिंह से पूछताछ के दौरान कई सवाल किए गए। पति के करीबियों के बारे में भी पूछताछ की गई। इसके अलावा जिस पर उसे शक था, उसके बारे में भी पूछा गया है। पुलिस संदेहियों पर नजर बनाए हुए है। शिशुपाल के अलावा उनकी बहन, जीजा और भतीजे से भी पूछताछ की गई है।



#### लिए गए फिंगर प्रिंट

पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ा दिया है। फारेंसिक टीम की भी पूरी मदद ली जा रही है। घटना दिनांक को फारेंसिक टीम ने कई चीजें जब्त की थीं, जिसके फिंगर प्रिंट लिए गए हैं। इधर पुलिस ने संदेहियों के फिंगर प्रिंट लेकर मिलान के लिए भेज दिए हैं। उसमें से कुछ अहम जानकारी हाथ लगी है।

#### रील में लाइक और कमेंट्स की पड़ताल कर रही

साइबर टीम जाली रील बनाने की शौकिन थीं। इंटरनेट मीडिया में आए दिन रील बनाकर पोस्ट करती थीं। अब पुलिस फॉलोवर के बारे में जानकारी जुटाकर उनमें संदिग्ध प्रवृत्ति के लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है। इसमें साइबर सेल की मदद ली जा रही है।

### एनीकट में मिली बुलेट से बंधी युवक की लाश

# बिलासपुर में सरकारी स्कूल में प्यून था मृतक, हत्या कर शव ठिकाने लगाने का शक

**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर जिले में लीलागर नदी में बने एनीकट में शिक्षा विभाग के कर्मचारी की लाश मिली है। उसका शव बुलेट से बंधा हुआ मिला। इससे हत्या कर शव को ठिकाने लगाने की आशंका जताई जा रही है। घटना मस्तूरी थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के मुताबिक, अमन मिरी (29) शिक्षा विभाग में प्यून था और मस्तूरी में रहता था। उसकी पोस्टिंग लावर स्थित स्कूल में थी। शुक्रवार को महा शिवरात्रि पर स्कूल की छुट्टी थी। परिजन ने बताया कि अमन शुक्रवार सुबह घर से घूमने के लिए निकला था। दोपहर में वह घर आया और एक बार फिर अपनी बुलेट लेकर बाहर चला गया।



#### शाम को एनीकट में बुलेट से बंधी मिली लाश

घरवालों को लगा कि अमन घूमकर शाम तक लौट आएगा। इस बीच शाम करीब 5 बजे मस्तूरी से कुछ ही दूरी पर स्थित देवगांव में लीलागर नदी पर बने एनीकट में लोगों ने एक शव देखा। पानी में लाश बाइक से बंधी थी। आसपास के लोगों ने उसकी पहचान कर घटना की जानकारी पुलिस और परिजन को दी।

#### हत्या की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

मौके पर पहुंची पुलिस शुरुआती जांच में इसे हत्या का केस मान रही है। जिस तरह से युवक की लाश बुलेट से बंधी मिली है, पुलिस को हत्या कर शव ठिकाने लगाने की आशंका है। पुलिस मृतक के परिजन और दोस्तों से पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की असल वजह का खुलासा हो सकेगा। पुलिस ये भी पता लगा रही है कि अमन अपने घर से किस वक्त और किसके साथ निकला था। आखिरी बार वह किसके साथ देखा गया था। पुलिस उसके दोस्तों से ये जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है।

# चलती बाइक पर युवक-युवती का रोमांस

### बिलासपुर में आधी रात लड़के को गले लगाए टंकी पर बैठकर घूमती रही युवती

**बिलासपुर ( ए )।** बिलासपुर में चलती बाइक पर फिल्मी स्टाइल में युवक-युवती के रोमांस का वीडियो सामने आया है। इसमें एक युवती बाइक की टंकी पर बैठकर युवक के गले से लिपटी हुई नजर आ रही है। दोनों आधी रात को सड़क पर बाइक से घूम रहे थे। इसी दौरान किसी ने उनका वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। युवक की ये हरकत ट्रैफिक रूल्स का उल्लंघन है। इससे युवक और युवती की जान को भी खतरा हो सकता था। हालांकि, पुलिस ने मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। मामला सरकंडा थाना क्षेत्र का है।


जानकारी के मुताबिक, गुरुवार की देर रात हाईस्पीड बाइक पर युवक-युवती फर्राटे भर रहे थे। कुछ दूर आगे जाने के बाद युवक ने चलती बाइक पर युवती को आगे बैठाया। युवती बाइक की टंकी पर बैठकर युवक से लिपट गई।

#### कोरबा पासिंग की है बाइक

युवक-युवती के आधी रात रोमांस का राह चलते किसी ने वीडियो बना लिया। इस वीडियो में युवक बाइक चलाता हुआ नजर आ रहा है और युवती टंकी पर बैठकर युवक को गले से लगाए दिख रही है। वीडियो में बाइक का नंबर भी साफ नजर आ रहा है। बाइक कोरबा पासिंग की है। अब यह वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है।

#### ट्रैफिक नियमों को ताक पर रखा

इस तरह से फिल्मी स्टाइल में बाइक पर स्टंट करना यातायात नियमों का उल्लंघन है। ट्रैफिक



रूल्स के अनुसार लड़की को हेलमेट पहनकर बाइक पर लड़के के पीछे वाली सीट पर बैठना चाहिए। ट्रैफिक रूल्स को तोड़ते हुए दोनों युवक-युवती ने हेलमेट नहीं पहना था।

#### पहले भी सामने आया था मामला

करीब साल भर पहले भी शहर के सिविल लाइंस इलाके में युवक-युवती के फिल्मी स्टाइल में रोमांस का वीडियो वायरल हुआ था। इस वीडियो के वायरल होने के बाद ट्रैफिक डीएसपी संजय साहू ने स्कूटी सवार युवक को पकड़ा था और उसके खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूल किया था।

इस वीडियो में युवक इसी तरह स्कूटी के सामने युवती को बैठाकर इमलीपारा, पुराना बस स्टैंड और रघुराज स्टेडियम रोड पर घूम रहा था।

#### आईपीसी की धारा 279 में सजा का प्रावधान

सड़क पर ऐसा करना अपराध की श्रेणी में आता है। भारतीय दंड संहिता यानी आईपीसी की धारा 279 के तहत सड़क पर जल्दबाजी या लापरवाही से गाड़ी चलाने से किसी की भी जान को खतरा हो सकता है। ट्रैफिक रूल्स तोड़ने पर आरोपी को जेल तक जाना पड़ सकता है। जेल को 6 महीने के लिए बढ़ाया भी जा सकता है। इसमें एक हजार रुपए तक जुर्माना भी लगाया जा सकता है। एक से ज्यादा बार इस तरह का अपराध करने पर जेल और जुर्माना दोनों से दंडित किया जा सकता है।

# तेज रफ्तार पिकअप की चपेट में आने से बच्ची की मौत, ग्रामीणों ले किया चक्काजाम

**कटघोरा ( ए )।** ग्राम बिंझरा के पास सिलेंडर से भरे पिकअप वाहन ने सड़क पार कर रही छह वर्ष की मासूम बच्ची को रौंद दिया। घटना में बच्ची की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। नाराज ग्रामीणों ने मृतक बच्ची के मुआवजे की मांग को लेकर चक्काजाम कर दिया। इससे पेंड्रा की ओर जाने वाले यात्री बसों व वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना पर कटघोरा पुलिस व डायल 112 मौके पर पहुंच कर स्थिति को संभाला।

बताया जा रहा है कि शुक्रवार को दोपहर 3:30 बजे कटघोरा के इंडेन गैस सेवा केंद्र की पिकअप वाहन तेज रफ्तार में जटगा की ओर जा रही थी। ग्राम बिंझरा के पास एक ट्रक खड़ा हुआ था, उसी दौरान एक छह वर्षीय बच्ची मोनिका मिर्रे पिता अशोक मिर्रे सड़क पार कर रही थी। वाहन की गति तेज होने



की वजह से पिकअप चालक नियंत्रित नहीं कर सका और बच्ची को अपने चपेट में ले लिया। घटना में बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पिकअप चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।

जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई और नाराज ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर मुख्य मार्ग में मृतक बच्ची के शव को रखकर चक्काजाम कर दिया। इससे मार्ग में दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई। घटना की सूचना मिलने पर कटघोरा एसडीओपी पंकज सिंह ठाकुर, कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। नाराज ग्रामीणों की मुआवजे की मांग पर पोड़ी- उपरोड़ा तहसीलदार को जानकारी दी गई, साथ ही मौके पर पुलिस ने नाराज ग्रामीणों को शांत कराया। स्थल पर पहुंचे तहसीलदार ने मृतक बच्ची के परिवार को सहायता राशि उपलब्ध कराई गई। साथ ही भाग गए पिकअप वाहन चालक को पकड़ कर वाहन जब्त कर जटगा पुलिस ने जब्त किया। जप्त कर लिया।

कटघोरा पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम करा अंतिम संस्कार के लिए स्वजनों को शव सौंप दिया। साथ ही ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि दुर्घटनाकारित पिकअप वाहन चालक व वाहन मालिक पर कार्रवाई की जाएगी। इस पर ग्रामीणों ने चक्काजाम समाप्त किया। एक बार फिर तेज रफ्तार ने मासूम की जान ले ली। 14 दिन में यह 13 वीं दुर्घटना है, जिसमें बच्ची की जान चली गई। पुलिस की समझाइश के बाद भी तेज रफ्तार कम होने का नाम नहीं ले रही है।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें
9303289950, 9827806026
8962815243

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

भारतीय बैग हाउस
V.I.P happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950